हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )

पेज : 08

फिट रहना सिर्फ अच्छा दिखने के लिए नहीं, आत्मविश्वास के लिए भी जरूरी : सिमरन कौर



www.naisochlive.com | पटना, गुरुवार, 16 जनवरी 2025, वर्ष- 07, अंक- 323, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

## मकोका मामले के आरोपित आपापा विधायक नरेश बाल्यान की जमानत याचिका खारिज





**एजेंसी, नई दिल्ली ।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मकोका मामले के आरोपित आम आदमी पार्टी विधायक नरेश बाल्यान की जमानत याचिका खारिज कर दी है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने जमानत याचिका खारिज करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 9 जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने 9 जनवरी को ही नरेश बाल्यान समेत तीन आरोपितों की न्यायिक हिरासत 01 फरवरी तक बढ़ायी थी। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की चार्जशीट पर 22 जनवरी को सुनवाई का आदेश दिया। दिल्ली पुलिस ने नरेश बाल्यान की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि अपने बयान में उन्होंने कपिल सांगवान उर्फ नंदू के साथ अपने संबंधों का खुलासा किया है। दिल्ली पुलिस ने सह-आरोपितों के इकबालिया बयानों का हवाला देते हुए कहा कि नरेश बाल्यान नंदू के संगठित अपराध सिंडिकेट में एक मददगार और साजिशकर्ता है। दिल्ली पुलिस ने कहा था कि नरेश बाल्यान ने सिंडिकेट के एक सदस्य को पैसे भी मुहैया कराए थे। 04 जनवरी को मकोका से जुड़े मामले में दिल्ली पुलिस ने पहली चार्जशीट दाखिल की थी।

## मुख्यमंत्री आतिशी को सरकारी आवास मामले में दिल्ली हाई कोर्ट से राहत



**एजेंसी, नई दिल्ली ।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना पर सक्षम प्राधिकार से मंजूरी लिए बिना ही अपने आवंटित सरकारी आवास को दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को रहने की अनुमति देने के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दिया है। कार्यकारी चीफ जस्टिस विभू बाखरू की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस मामले पर सक्षम प्राधिकार फैसला लेने के लिए सक्षम हैं और इस मामले में न्यायिक हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। यह याचिका संजीव जैन ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना ने खुद के लिए आवंटित सरकारी आवास को मनीष सिसोदिया को रहने के लिए दे दिया जबकि मनीष सिसोदिया मंत्रिमंडल के सदस्य भी नहीं हैं। याचिका में कहा गया था कि मनीष सिसोदिया को जब मार्च 2023 में न्यायिक हिरासत में भेजा गया था उस समय उनका पूरा परिवार उनके लिए आवंटित सरकारी बंगले में ही रह रहा था।

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति येओल को पुलिस ने हिरासत में लिया



**एजेंसी, सियोल।** पिछले महीने मार्शल लॉ की अल्पकालिक घोषणा के बाद विवादों और सुर्खियों में आए राष्ट्रपति यून सुक येओल को बुधवार सुबह 10:33 बजे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। दक्षिण कोरिया में पद पर रहते किसी राष्ट्रपति को हिरासत में लेने का यह पहला वाकया है। उन्हें तीन दिसंबर को मार्शल लॉ घोषित करने के 43 दिन बाद हिरासत में लिया गया। द कोरिया टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार, जांच अधिकारियों ने उन्हें मध्य सियोल के हन्नम-डोंग स्थित राष्ट्रपति आवास से हिरासत में लिया। यहां से उन्हें ग्योंगगी प्रांत के ग्वानचेओन में उच्च-रैंकिंग अधिकारियों के भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) मुख्यालय ले जाया गया। हिरासत में लिए जाने से पहले यून ने एक रिकॉर्डेड संबोधन जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि टकराव रोकने के लिए उन्होंने सीआईओ के सामने पेश होने का फैसला किया है। बताया गया है कि येओल को हिरासत में लेने के लिए लगभग 3,000 पुलिस अधिकारियों ने सुबह 4:20 बजे उनके आवास को घेर लिया। राष्ट्रपति आवास के सुरक्षा अधिकारियों और कर्मियों ने सामना भी किया मगर वह ज्यादा देर नहीं टिक सके। जांच अधिकारी सुबह 8:15 बजे येओल के करीब पहुंच गए। राष्ट्रपति के चीफ ऑफ स्टाफ चुंग जिन-सुक और वकील यून कप-क्यून ने उन्हें औपचारिकता पूरी करने की अनुमति दी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन लड़ाकू जहाजों को राष्ट्र को समर्पित किया

एजेंसी, मुंबई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में तीन लड़ाकू जहाजों- आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया में प्रमुख समुद्री शक्ति के रूप में उभर रहा है। जहाज निर्माण उद्योग का विस्तार आत्मनिर्भर भारत अभियान में मदद करेगा। प्रधानमंत्री ने मुंबई में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आईएनएस वाघशीर (एक 'हंटर-किलर' पनडुब्बी), आईएनएस सूरत (एक निर्देशित मिसाइल विध्वंसक) और आईएनएस नीलगिरी (एक स्टील्थ फ्रिगेट) के आने से भारतीय नौसेना अपनी समुद्री उपस्थिति को मजबूत करने के लिए तैयार है, जो चीन और पाकिस्तान जैसे विरोधियों के लिए एक निवारक के रूप में कार्य करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने भारतीय नौसेना को नई ताकत और दृष्टि दी थी। आज उनकी पवित्र भूमि पर हम 21वीं सदी की नौसेना को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। यह पहली बार है कि एक विध्वंसक, एक फ्रिगेट और एक पनडुब्बी, तीनों एक साथ शामिल किया जा रहा है। गर्व की बात है कि तीनों मेड इन इंडिया हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत को वैश्विक स्तर पर विशेष रूप से ग्लोबल साउथ में विश्वसनीय और जिम्मेदार भागीदार के रूप में पहचाना जाता है। भारत विस्तारवाद की भावना से नहीं बल्कि विकास की भावना से काम करता है। भारत ने हमेशा खुले, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है। "आईएनएस वाघशीर, जिसे 'हंटर-किलर' पनडुब्बी के रूप में भी जाना जाता है, टॉरपीडो और एंटी-शिप मिसाइलों से लैस है और खुफिया जानकारी जुटाने और माइन-लेइंग क्षमताओं के अलावा एंटी-सरफेस और एंटी-सबमरीन दोनों तरह के युद्ध में सक्षम है।

### भारतीय नौसेना को मिली ताकत



## नौसेना में दो युद्धपोतों और एक पनडुब्बी का शामिल होना आईओआर में भारत की ताकत का प्रमाण : राजनाथ सिंह

### आईओआर में अटलांटिक महासागर से ज्यादा महत्वपूर्ण हुआ हिंद महासागर

एजेंसी, नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को मुंबई के नेवल डाक यार्ड में दो युद्धपोतों और एक पनडुब्बी को भारत के समुद्री बेड़े में शामिल होने को हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में भारत की ताकत का भी प्रमाण बताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और पनडुब्बी आईएनएस बाग्शीर को नौसेना में शामिल करने की औपचारिकता पूरी की। रक्षा मंत्री ने युद्धपोत सूरत और नीलगिरी एवं पनडुब्बी बाग्शीर की एक साथ हो रही ऐतिहासिक कमीशनिंग को सिर्फ भारतीय नौसेना की नहीं बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में भू-रणनीतिक और आर्थिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र हमेशा से भारत के लिए महत्वपूर्ण रहा है लेकिन आज के तेजी से बदलते परिवेश में यह और भी महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि आज हम यह कह सकते हैं कि जो महत्व पहले अटलांटिक महासागर का हुआ करता था, वो महत्व आज शिफ्ट होकर हिंद महासागर की ओर आ गया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि नौसेना में शामिल हुए आज के ये तीन बड़े प्लेटफार्म पूरी तरह से अत्याधुनिक उपकरण, और सिस्टम से लैस हैं और किसी भी स्थिति का मुकाबला करने में पूरी तरह से सक्षम हैं। हम आज अपने आधुनिकीकरण की आस्था को तेजी से बढ़ा रहे हैं। एक ओर तो हम इन बड़े प्लेटफार्मों का देश में ही उत्पादन कर रहे हैं, तो दूसरी ओर हमारा ध्यान कम लागत और उच्च प्रभाव प्रणालियों पर भी है, जो कम समय में हमारी सेना को और अधिक शक्तिशाली बना सकते हैं। इस प्रकार अपनी सेनाओं के तेजी से आधुनिकीकरण के क्रम में हम एक ऐसा संतुलित मिश्रण ला रहे हैं।

## बसपा दिल्ली चुनाव में शानदार प्रदर्शन करेगी, राहुल नीला कपड़ा पहन कर रहे ढोंग : मायावती

एजेंसी, लखनऊ




बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि इंडी गठबंधन का कोई भविष्य नहीं हैं। राहुल और प्रियंका गांधी नीले कपड़े पहन कर ढोंग कर रहे हैं। बसपा दिल्ली विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन करेगी, जिससे विपक्षी दलों की नींद हराम हो गई है। वह बुधवार को अपने 69वें जन्मदिन पर लखनऊ में पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रही थीं। इस दौरान खास बात यह रही कि आकाश आनंद के साथ उनके दूसरे भतीजे इशांत आनंद भी मौजूद रहे। मायावती ने कहा कि मेरा जन्मदिन समथर्क जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाते हैं। उत्तर प्रदेश में बसपा की चार बार सरकार रही। इस दौरान गरीब, दलितों और पिछड़े वर्गों के लिए काफी योजनाएं लाई गईं, जिससे उनके जीवन में खासा बदलाव आया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के चुनाव में पार्टी शानदार प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस पर हमलावर होते हुए उन्होंने कहा कि उस दल की सरकारों में बाबा साहेब सहित बहुजन समाज के सभी महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों का हर स्तर पर उपेक्षा व अनादर किया।

## नए युग की दहलीज पर खड़ा देश 'विकसित भारत' लक्ष्य की ओर बढ़ा : सेनाध्यक्ष

### जनरल द्विवेदी ने पुणे में सेना दिवस परेड की सलामी लेकर सैनिकों में भरा जोश

एजेंसी, पुणे



थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को पुणे में सेना दिवस परेड की सलामी ली। उन्होंने देश की सीमाओं पर तैनात जवानों पर भरोसा जताते हुए कहा कि आज हमारा देश नए युग की दहलीज पर खड़ा है और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। परेड में विभिन्न मार्चिंग दस्तों और हथियारों के जरिए सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया गया। सेना दिवस परेड 1949 में फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा की भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ के रूप में नियुक्ति की याद दिलाती है, जो भारत के स्वतंत्रता के बाद के सैन्य नेतृत्व का प्रतीक है। थल सेनाध्यक्ष ने कहा कि हमारे देश को प्रगति और विकास के पथ पर आगे बढ़ने के लिए स्थिर और सुरक्षित वातावरण की आवश्यकता है, जिसमें भारतीय सेना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुझे विश्वास है कि हम भारतीय सेना को एक आधुनिक, चुस्त, प्रौद्योगिकी सक्षम और भविष्य के लिए तैयार बल बनाने के लिए प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि उत्तरी सीमाओं पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील है। हमारी सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार और सक्षम है। उत्तरी सीमाओं पर आधुनिक उपकरण और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। पश्चिमी सीमाओं की नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम लागू है लेकिन घुसपैठ की कोशिश जारी है।

## मप्र के छिंदवाड़ा में कुआं धसने से तीन की मौत

**एजेंसी, छिंदवाड़ा :** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में ग्राम खूनाझिरखुर्द में कुआं धसने से मलबे में दबे तीन मजदूरों की जान नहीं बचाई जा सकी। करीब 22 घंटे चले रेस्क्यू आपरेशन के बाद एनडीआरएफ की टीम ने बुधवार दोपहर उनके शवों को कुएं से बाहर निकाल लिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। छिंदवाड़ा के ग्राम खूनाझिरखुर्द निवासी ऐशराव वस्त्राणे के खेत में एक पुराने कुएं का गहरीकरण के दौरान मंगलवार शाम करीब चार बजे मिट्टी धंस गई, जिसमें छह मजदूर फंस गए थे।

## न हो किसी के साथ अन्याय, समस्याओं पर तत्काल हो कार्रवाई : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी, गोरखपुर



गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहद सर्द मौसम में भी बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन किया। उन्होंने जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए, किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। गोरखनाथ मंदिर में बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में किया गया था। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक व्यक्ति से मिले।

## झारखंड में प्रदेश स्तर पर युवा महोत्सव कराएगी सरकार : मंत्री सुदिव्य सोनू

एजेंसी । रांची

पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने नई दिल्ली में 10 से 12 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हिस्सा लेकर लौटे प्रतिभागियों को बुधवार को सम्मानित किया। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड में भी राज्य स्तर पर युवा महोत्सव कराएगी, जहां पूरे राज्य से प्रतिभागी भाग लेंगे। युवाओं के विचार और उनकी प्रतिभा राज्य के विकास में सहायक होगी। मंत्री न राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेकर लौटे प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि आपने न केवल हमारे राज्य का नाम रोशन किया है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा भी बने हैं। उन्होंने युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि आपकी मेहनत और समर्पण ने यह साबित कर दिया है कि हमारे राज्य के युवा किसी से कम नहीं हैं। साथ ही कहा कि झारखंड के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। वे हर क्षेत्र में परचम लहराने की क्षमता रखते हैं। बस जरूरत है उन्हें बेहतर मार्गदर्शन की। इसमें सरकार उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करेगी ताकि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। मंत्री ने कहा कि ज्ञान प्राप्त करने का सबसे सरल तरीका किताबें हैं, उनसे चीजों को परखने की क्षमता आती है। आज की पीढ़ी बहुत तेज है। युवा तर्क करने की क्षमता को विकसित करें। सवाल पूछने की आदत को विकसित करें। युवाओं का जोश और ऊर्जा राज्य और देश के विकास की नींव है। साथ ही कहा कि शहर, गांव और राज्य मजबूत होगा तभी देश भी मजबूत होगा। बिना राज्य के विकास के हम देश के विकास की कल्पना नहीं कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव में स्वाति राज (दुमका) को भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ जबकि शुभांगी क्षितिजा सौरभ (गुमला) और ऋषित (जमशेदपुर) का चयन (विकास भी विरासत भी पीपीटी के माध्यम से) प्रधानमंत्री के समक्ष प्रजेंटेशन देने के लिए हुआ था।



## नर्मदा के अतिरिक्त पानी से गुजरात के 9 हजार तालाब होंगे लबालब : अमित शाह

### गांधीनगर जिले के अंबोड में नए बांध का केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया भूमिपूजन

एजेंसी, गांधीनगर



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को गांधीनगर जिले की मानसा तहसील के 241 करोड़ रुपये के प्रकल्पों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इसमें अंबोड गांव में 234.67 करोड़ रुपये के खर्च से बनने वाला डैम भी शामिल है। डैम के बनने से 8 गांवों के 1100 हेक्टेयर खेती की जमीन को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। अपने गुजरात दौरे के तीसरे दिन केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर की मनसा तहसील के विभिन्न प्रकल्पों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि अंबोड महाकाली माता का मंदिर लोगों की आस्था का केन्द्र है। अंबोड के समीप अब साबरमती नदी पर डैम बनने वाला है। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा है कि इस डैम को एक किलोमीटर तक आगे बढ़ाना चाहिए जिससे अंबोड मंदिर के पास सुंदर सरोवर बन सके। उन्होंने कहा कि उत्तर गुजरात की पानी की समस्या का इसके जरिए समाधान होगा। नरेन्द्र मोदी ने गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद उत्तर गुजरात की प्यास बुझाने का काम किया। शाह ने कहा कि जब वे खुद 1997 में विधायक बने थे, तब उत्तर गुजरात के सभी विधायक बोरबेल बनाने की अनुमति मांगते थे। उन्हें अनुमति नहीं मिलती था, क्योंकि यहां डार्क जोन था। यहां 1200 फीट गहरा बोरबेल करने पर पानी मिलता था। पानी निकालने के बाद उसे सीधे खेत में नहीं डाल सकते थे। इस पूरी परिस्थिति को बदलने का विचार नरेन्द्र मोदी को आया। उन्होंने कच्छ हो, सौराष्ट्र हो या गांधीनगर से डीसा तक उत्तर गुजरात हो, सभी क्षेत्रों में पानी का स्तर ऊंचा लाने का काम किया। सबसे पहले नर्मदा योजना को शुरू कराया गया। कांग्रेस के अड़ंगा लगाने के बाद भी उसे दूर किया। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद दरवाजा डालने का काम भी पूरा हो गया। भरुच से लेकर खावडा तक वाया सुरेन्द्रनगर, वाया अहमदाबाद जिला कैनाल पहुंचाने का काम पूरा हुआ।

हर खबर पर पैनी नज़र
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



संक्षिप्त समाचार

## पूर्व केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पशुपति कुमार पारस की राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की यहां एंट्री से बिहार की राजनीति में हलचल



**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस के अचानक राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के यहां एंट्री लिए जाने से बिहार की राजनीति में कई तरह की प्रयासों की चर्चा शुरू हो गई है पशुपति कुमार पारस अचानक पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के 10 सर्कुलर रोड पहुंचे जहां उन्होंने लालू प्रसाद से मुलाकात की इस मुलाकात की वजह फिलहाल कुछ खास नहीं बताई जा रही है लेकिन चर्चा है कि एनडीए से नाराज चल रहे पशुपति कुमार पारस महागठबंधन से हाथ मिला सकते हैं लालू से मुलाकात करने के बाद पशुपति कुमार पारस मीडिया के सवालों कतराते हुए वहां से रवाना हो गए हालांकि इस मामले में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि उनका संबंध पशुपति कुमार पारस से रहा है और पशुपति कुमार पारस दही चुड़ा भोज की न्योता लेकर लालू जी से मिलने आए थे ।

## बंद मुट्ठी की तरह एकजुट होकर विपक्षी दलों के हर मंसूबे को ध्वस्त करना है: उमेश

**पटना।** बुधवार को बगहा एवं पश्चिमी चंपारण में आयोजित एनडीए जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि बंद मुट्ठी लाख की और खुल गई तो खाक की इसलिए हमें बंद मुट्ठी की तरह अपनी एकजुटता को बरकरार रखना है और 2025 चुनाव में विपक्षी दलों के हर मंसूबे को ध्वस्त करना है।उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद जो विधानसभावार आंकड़े सामने आए उसके अनुसार बिहार की 243 विधानसभा सीटों में से 177 सीटों पर एनडीए को बढ़त मिली और विधानसभा उपचुनाव में भी सभी 4 सीटों पर एनडीए की ऐतिहासिक जीत हुई। यह इस बात का द्योतक है कि आम जनता का विश्वास हमारे साथ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का दूर-दूर तक कोई विकल्प नहीं है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी अद्भुत कार्य-कुशलता से सुदूर गांवों और कस्बों तक सर्वांगीण विकास की किरणें पहुंचाई है। 19 वर्षों के शासन में समाज के हर वर्ग का शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक उत्थान हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि मोदी-नीतीश की करिश्माई जोड़ी आत्मनिर्भर भारत और विकसित बिहार के निर्माण से पूरे मन से जुटी हुई है। हमें इस जोड़ी को और अधिक ताकत प्रदान करना है।

## कौशल विवि की पहल स्वागतयोग्य : चौरसिया

**पटना।** भाजपा विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने सूबे में कौशल विकास विश्वविद्यालय खोले जाने की श्रम संसाधन विभाग की पहल का स्वागत किया है और इसके लिए राज्य सरकार का आभार जताया है। बुधवार को जारी बयान में डॉ. चौरसिया ने कहा कि इस कवायद से एनडीए सरकार में औद्योगिक विकास के लिए बनीं नीतियों का प्रत्यक्ष लाभ यहां के युवाओं को मिलेगा। निवेशक सम्मेलन में 1.80 लाख करोड़ के रिकॉर्ड निवेश के करार के बाद सूबे में नई औद्योगिक इकाइयां खुलेंगी जिनमें कुशल श्रमिकों की दरकार होगी। कौशल विवि की स्थापना से प्रशिक्षित कर्मियों की फौज तैयार होगी। रोजगार के नए द्वार खुलेंगे, पलायन के दर में अप्रत्याशित रूप से कमी आएगी और राज्य की उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास की ऊंचाइयां छू रहा बिहारः परिमल

**पटना।** जदयू प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण, दलितों के उत्थान, अल्पसंख्यकों के संरक्षण एवं सम्मान एवं विकास की सफल प्रयोगशाला साबित हो रहा है। अपने कुशल नेतृत्व में जिस तरह उन्होंने जंगल राज के दौरान पूर्ण रूप से ध्वस्त हो चुकी बिहार की अर्थव्यवस्था, कानून व्यवस्था को पटरी पर लाकर बिहार के विकास का मार्ग प्रशस्त किया, वह अद्भुत एवं अतुल्य है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वोट की नहीं बल्कि वोटर की चिंता करते हैं। वे संपूर्ण बिहारवासियों को अपना परिवार मानते हैं एवं सभी के उन्नति, विकास, प्रगति, समृद्धि एवं खुशहाली सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने अपने शासनकाल के दौरान राज्य भर की कई यात्राएं की जिसका उद्देश्य सभी को न्याय सुनिश्चित करना, सभी के विकास को सुनिश्चित करना एवं जनकल्याण सुनिश्चित करना रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में राज्य भर में जारी उनकी प्रगति यात्रा भी सुशासन को और पुख्ता करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है।

## 2025 चुनाव में 225 सीटों पर जीत दर्ज करेगा एनडीएः जयंत राज

### दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष शिक्षकों की होगी बहालीः सुनील कुमार

**पटना।** बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में भवन निर्माण मंत्री जयंत राज और शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए एवं उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उक्त मौके पर वरीय नेता प्रो नवीन आर्य चंद्रवंशी एवं प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह मौजूद रहे। इस दौरान मंत्री जयंत राज ने कहा कि एनडीए गठबंधन 2010 के रिकॉर्ड को तोड़कर 2025 में 225 विधानसभा सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि राजद इस बार 22 सीटों के अंदर ही सिमटने वाली है। मंत्री ने कहा कि बगहा जिला से एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की शुरूआत हो चुकी है, जिससे हमारे कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह का माहौल है। एनडीए परिवार पूरी तरह से एकजुट और मजबूत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा से तमाम जिलों को खासा लाभ हो रहा है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि प्रथम चरण में कैंसर पीड़ित तकरीबन 37 शिक्षकों का तबादला किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानशिक्षक और प्रधानाध्यापक की भी काउंसलिंग की प्रक्रिया हो चुकी है और अपॉइंटमेंट लेटर मिल जाने के बाद हम लोग उनका भी ट्रांसफर-पोस्टिंग करेंगे। मंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग में बड़े पैमाने पर बहाली हो रही है और दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष शिक्षकों की बहाली की जाएगी।

# मुख्यमंत्री ने बिहार विधानसभा के अतिथिशाला का किया उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा के अतिथिशाला का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। अतिथिशाला में 24 कमरे, 3 सुट, मीटिंग हॉल, वेटिंग हॉल सहित अन्य सुविधायें उपलब्ध कराई गयी हैं। उद्घाटन के पश्चात् अतिथिशाला के विभिन्न हिस्सों का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत अच्छा बना है। यहां आनेवाले आगंतुकों को ठहरने में काफी सहूलियत होगी। आगंतुकों के लिए यहां सभी सुविधाओं का



ख्याल रखा गया है। इस अवसर पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष श्री नंदकिशोर यादव, उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री जयंत राज, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

» अतिथिशाला में 24 कमरे, 3 सुट, मीटिंग हॉल, वेटिंग हॉल सहित अन्य सुविधायें उपलब्ध कराई गयी है

## वैश्य महासभा द्वारा सम्मान समारोह सह भोज का आयोजन



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** वैश्य महा सभा के अध्यक्ष डा.आनन्द कुमार ने मकर संक्रान्ति के शुभ अवसर पर सम्मान समारोह एवं चुडा दही भोज का आयोजन वैश्य महा सभा के तत्वावधान में गणेश उत्सव हॉल राजेंद्र नगर में किया गया,जिसमे बिहार सरकार में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलिप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कहा कि मकर संक्रांति का महोत्सव आपसी सौहार्द और भाईचारा बढाने में सहयोग करता है।इस अवसर पर विधान पार्षद ललन शर्राफ,मनीष वर्मा,विधायक अरूण सिन्हा एवं संजय गुप्ता जैसे अनेकों नेता मौजूद थे। इस सफल कार्यक्रम के लिए माननीय अध्यक्ष डा.आनन्द कुमार को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

# "युवा शक्तिः विकसित भारत की कुंजी : प्रेम कुमार

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' में दिए गए महत्वपूर्ण संबोधन के आलोक में प्रेम यूथ फाउंडेशन एवं हमारा भारत - हमारा भविष्य के नेतृत्व ने भारत के युवाओं की भूमिका के विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया । जिसमें युवाओं के योगदान, चुनौतियों और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी पर चर्चा की गई । गांधीवादी प्रेम जी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की युवा शक्ति ही हमारे देश के सुनहरे भविष्य की आधारशिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जिस 'विकसित भारत' की परिकल्पना प्रस्तुत की है, उसकी दिशा में युवाओं को अपनी पूरी ऊर्जा, समर्पण और रचनात्मकता का उपयोग करना होगा। हमारी युवा पीढ़ी यदि आत्मनिर्भरता, नवाचार और सामाजिक नेतृत्व को अपनाए, तो भारत केवल आर्थिक रूप से नहीं, बल्कि



सामाजिक, सांस्कृतिक और रणनीतिक रूप से भी एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रेम यूथ फाउंडेशन का मिशन भी इसी दिशा में कार्यरत है, जहां युवाओं को कौशल विकास, सामाजिक जागरूकता और नेतृत्व के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।हमारा भारत हमारा भविष्य के प्रेसिडेंट एमडी आसिफ जी ने इस मौके पर कहा प्रधानमंत्री मोदी जी का यह संदेश हर भारतीय युवा के लिए एक प्रेरणा है। सरकार अकेले देश को विकसित नहीं बना सकती, इसके लिए हर नागरिक विशेषकर युवाओं को सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। भारत का युवा स्टार्टअप्स, डिजिटल क्रांति, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सामाजिक नेतृत्व और सांस्कृतिक पुनरुत्थान में अपनी भूमिका को मजबूत करे, तो हम निश्चित रूप से 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन सकते हैं।" उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि युवा शक्ति को सही दिशा में प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षा, कौशल विकास और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा देना आवश्यक है। इस अवसर पर भारत के विकास में युवाओं की भूमिका पर विस्तृत विश्लेषण परिपत्र प्रस्तुत किया गया !

**आर्थिक सशक्तिकरण और नवाचार**–भारत की डिजिटल क्रांति, स्टार्टअप संस्कृति और उद्यमिता को आगे बढ़ाने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।मेक इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसे अभियानों के माध्यम से युवा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कार्य कर रहे हैं। प्रेम यूथ फाउंडेशन और हमारा भारत हमारा भविष्य मिलकर युवाओं को स्किल डेवलपमेंट और स्टार्टअप सपोर्ट प्रदान करेंगे।सामाजिक सशक्तिकरण और नेतृत्व यूवाओं को सामाजिक मुद्दों जैसे स्वच्छता, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य सुधार में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।प्रेम यूथ फाउंडेशन द्वारा 'युवा समाज सुधारक कार्यक्रम' और हमारा भारत हमारा भविष्य द्वारा 'युवा नेतृत्व अभियान' जैसी पहलें इस दिशा में योगदान कर रही हैं। रणनीतिक शक्ति और वैश्विक नेतृत्व भारत के युवा वैज्ञानिक और इंजीनियर रक्षा, अंतरिक्ष अनुसंधान और साइबर सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। वैश्विक स्तर पर भारत की साख बढ़ाने में युवाओं की भूमिका अहम होगी। सांस्कृतिक पुनर्जागरण और नैतिक उत्थान भारत की प्राचीन संस्कृति, योग और आयुर्वेद को पुनर्जीवित करने के लिए युवा नई पहल कर सकते हैं।लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत का निर्माण किया जा सकता है। युवाओं के लिए संगठनों का आह्वान प्रेम यूथ फाउंडेशन और हमारा भारत हमारा भविष्य ने संयुक्त रूप से देशभर के युवाओं से आह्वान किया कि वे 'विकसित भारत मिशन' का हिस्सा बनें और अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दें। दोनों संगठनों ने सरकार से अपील की कि युवाओं के नेतृत्व को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक प्रभावी नीतियाँ बनाई जाएँ। मौके पर समाजसेवी शिशुपाल कुमार, सीए संजय कुमार झा, पत्रकार अमृत राज, सोनू पटेल, मोफिरोज, अमन कुमार समेत दर्जनों लोगों ने अपना विचार प्रकट किया।

## पारस अगर इंडिया गठबंधन में आते हैं तो स्वागत : लालू

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के आवास एवं कार्यालय में मकर संक्रांति पर दही चुड़ा भोज का बुधवार को आयोजन हुआ। इस दही चुड़ा भोज में पूरे बिहार से आए पार्टी कार्यकर्ताओं के आने से पशुपति कुमार पारस का कार्यालय व आवास पूरी तरह गुलजार रहा। इस अवसर पर राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव एवं राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी के साथ रथ पर सवार होकर पहुंचे। उनके पहुंचने पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस, केंद्रीय संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष सूरजभान सिंह, प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस राज पासवान, पूर्व सांसद चंदन सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल ,प्रधान महासचिव केशव सिंह एवं पारस के पुत्र यशराज पासवान ने लालू प्रसाद स्वागत किया। इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कहा कि मकर संक्रांति के बाद खरमास खत्म होता



है, सूरज अपना दिशा बदलते हैं उसी प्रकार बिहार की भी 2025 में राजनीतिक दिशा एवं दशा बदलेगी। उन्होंने कहा कि पशुपति पारस हमारे पुराने सहयोगी रहे हैं और पारस ने लंबे समय तक मेरे साथ मंत्रिमंडल में भी काम किया था यदि पारस की पार्टी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी इंडिया गठबंधन में आती है तो वे उनका और उनकी पार्टी का स्वागत करूंगा। इससे इंडिया गठबंधन को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर पशुपति कुमार पारस ने कहा कि हमारे आमंत्रण को स्वीकार कर हमारे अभिभावक लालू प्रसाद हमारे आवास पर आज पहुंचे हैं, हमारी पूरी पार्टी एवं हमारा परिवार उनका पुरजोर स्वागत कर रहा है। पारस ने कहा कि उन्होंने दलगत भावना एवं भेदभाव से ऊपर उठकर बिहार के सभी पार्टियों को मैंने आमंत्रण भेजा था हमारे आमंत्रण को स्वीकार कर लालू प्रसाद सहित पूरा राजद परिवार हमारे पार्टी व परिवार द्वारा आयोजित दही चुड़ा भोज में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति का भोज हमारे बड़े भाई रामविलास पासवान हर वर्ष देते थे उसी परंपरा का हम निर्वहन कर रहे हैं। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस राज पासवान ने बताया कि मकर संक्रांति के बाद सूरज अपनी दिशा बदलते हैं लोगों को ठंड से राहत मिलती है इस तरह इस दही चुरा भोज के माध्यम से रालोजपा बिहार के राजनीतिक फलक पर बड़ी ताकत बनकर उभरेगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष पूर्व सांसद सूरजभान सिंह, विधान पार्षद भूषण कुमार,पूर्व सांसद चंदन सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव,जनसुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती, जनसुराज नेता पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना,पूर्व केंद्रीय मंत्री संजय पासवान, पूर्व मंत्री राजद के प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ,पूर्व सांसद राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी महबूब अली केसर, पूर्व मंत्री अशोक सिंह ,पूर्व मंत्री सुरेश पासवान ,संजीव प्रसाद टोनी, रेणु कुशवाहा पूर्व सांसद जदयू नेता अशफाक करीम, पूर्व विधान पार्षद राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष तनवीर हसन ,पूर्व विधायक अशोक कुमार ,ललन पासवान, पूर्व विधान पार्षद लालबाबू लाल, जाप पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राघवेंद्र कुशवाहा, वीआईपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता देव ज्योति ,विजय सिंह कुशवाहा, राजद एससी एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार साधु सहित कई गणमान्य नेताओं ने दही चुरा भोज के मौके पर उपस्थित होकर दही चुरा भोज का आनंद लिया।

## नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तेज होगी बिहार की प्रगति : राजू तिवारी

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने बेतिया तथा बगहा जिला में एनडीए समन्वय के संयुक्त जिला समीक्षा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हुए कहा कि बिहार में आज आधारभूत संरचना का निर्माण एनडीए की सरकार ने की है। आज से पहले बगहा से बेतिया भी जाना बहुत कष्टदायक होता था क्योंकि सड़कों की जो स्थिति थी वह बिल्कुल नगण्य था। आज बगहा से पटना भी सिर्फ 5 घंटे में पहुंचा जा सकता है यह उपलब्धि एनडीए की सरकार में प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ आधारभूत संरचना का विकास किया है। आज पूरा बिहार एक विकसित राज्य के तौर पर दिख रहा है एनडीए की सरकार ने हर क्षेत्र में विकास किया है ।आज पूरे बिहार में सड़कों का जाल बिछा हुआ है। यह विकास का आयाम प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में ही संभव



हो पाया है। इससे पूर्व आप सबों को पता है जब राजद की सरकार थी और बिहार में जंगल राज हुआ करता था। अपहरण उद्योग का रूप ले लिया था और विकास पूरी तरह ठप हो गया था। आगे राजू तिवारी ने कहा कि अब एनडीए के पांचो दल ने प्रदेश से बूथ स्तर तक जिस तरह कार्यकर्ताओं ने समन्वय बनाया है वह समन्वय ईस वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में 225 सीटों के जितने का लक्ष्य आसानी से पूरा करेगी। इस अवसर पर एनडीए के सभी घटक दल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, हम के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह, रालोमो के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी मौजूद थे।

# बगहा और बेतिया में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, कार्यकर्ताओं में भरा जोश, बढ़ाया उत्साह

### बगहा और बेतिया में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में जुटी अपार भीड़, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भरा जोश

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल आज बगहा स्थित बबुई टोला मैदान और बेतिया में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने एनडीए कार्यकर्ताओं में जोश भरा और उत्साह का संचार किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकता ही हमारी ताकत है और यही जीत का विश्वास भी देता है। इन सम्मेलनों में एनडीए घटक दल के सभी प्रदेश अध्यक्ष शामिल हुए। इस सम्मेलन का उद्घाटन सभी घटक दलों के अध्यक्षों ने किया। इस मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि एनडीए की एकता बिहार का विकास सुनिश्चित कर रही है और कार्यकर्तागण एनडीए को सुदृढ़ बनाने में निरंतर योगदान दे रहे हैं। सम्मेलन में उन्होंने संगठन की मजबूती, सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.



दिलीप जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा, "बिहार के विकास के लिए एनडीए सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में प्रगति सुनिश्चित की है, चाहे वह किसान हो, युवा हो, महिलाएं हों या व्यापारी। इस प्रगति में हमारे कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम है। आप सभी कार्यकर्ता हमारी पार्टी की रीढ़ हैं, और आपकी मेहनत से ही हम जनता की उम्मीदों पर खरे उतर रहे हैं।" इस अवसर पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, लोजपा (आर) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, हम के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह, रालोमो के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी, केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस सम्मेलन में सभी घटक दलों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी के हाथों में अपने-अपने पार्टी का झंडा था और उनका उत्साह देखते बनता था। कार्यकर्ताओं में जोश देखकर नेता भी अभिभूत दिखे। सम्मेलन में बड़ी संख्या जुटे कार्यकर्ताओं ने डॉ. जायसवाल के नेतृत्व में एनडीए सरकार को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि अब लालू राज बिहार को नहीं चाहिए बल्कि नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार का विकास चाहिए। कार्यकर्ताओं की भीड़ देखकर उत्साहित भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह इस बात का प्रमाण है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में हम सभी न केवल चुनावी मैदान में उतरेंगे बल्कि जीतेंगे और 225 से ज्यादा सीट लेकर सरकार भी बनाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जन-जन तक केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों और योजनाओं को पहुंचाएं और यह सुनिश्चित करें कि हर वर्ग को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने एनडीए को उन्नति और विकास का प्रतीक बताते हुए कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास की गति और तेज होगी। राजद का भविष्य अब धूमिल हो चुका है। पार्टी के नेताओं की हालत इतनी खराब हो गई है कि उनके पास अब अच्छे उम्मीदवार भी नहीं बचे। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब मात्र एक ही गठबंधन एनडीए है। एक इंडी गठबंधन बना था जो अब समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन केवल सत्ता के लिए बना और इसमें शामिल दलों के पास कोई ठोस एजेंडा नहीं है। उन्होंने इंडी गठबंधन को स्वार्थी तत्वों का गठबंधन बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य केवल सत्ता हासिल करना है जबकि एनडीए का उद्देश्य सबका साथ और सबका विकास है। डॉ. जायसवाल ने अंत में कहा, "बिहार का हर नागरिक हमारे लिए परिवार के समान है। हम सब मिलकर एक समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बिहार का निर्माण करेंगे।" यह सम्मेलन एनडीए कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करने वाला साबित हुआ।

» डॉ. दिलीप जायसवाल बोलेः कार्यकर्ताओं की एकता ही हमारी जीत की कुंजी
» 225+ सीटों के लक्ष्य के साथ एनडीए का विकास एजेंडा मजबूतः डॉ. जायसवाल
» इंडी गठबंधन सत्ता के लिए, एनडीए सबके विकास के लिएः भाजपा प्रदेश अध्यक्ष
» राजद का भविष्य धूमिल, एनडीए का विकास एजेंडा चमकदारः डॉ. दिलीप जायसवाल
» एनडीए सम्मेलन में घटक दलों की भागीदारी, कार्यकर्ताओं में बढ़ा उत्साह
» कार्यकर्ताओं का उत्साह आने वाले चुनावों में जीत का संकेतः भाजपा प्रदेश अध्यक्ष
» बगहा,बेतिया में एनडीए की शक्ति प्रदर्शन, विकास के लिए एकजुट हुआ गठबंधन
» एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में घटक दलों के सभी प्रदेश अध्यक्ष हुए शामिल
» सम्मेलन में हजारों की संख्या जुटे कार्यकर्ताओं ने एनडीए सरकार को और अधिक मजबूत करने का लिया संकल्प
» कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़, आपकी मेहनत से ही हम जनता की उम्मीदों पर उतरते हैं खरेः डॉ. जायसवाल

संक्षिप्त समाचार

## बिहार विजन फाउंडेशन ने किया कंबल एवं खाद्य सामग्री का वितरण



**पटना।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर बिहार विजन फाऊंडेशन के द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।एनजीओ की संस्थापिका सोनी तिवारी के अध्यक्षता में इस कार्यक्रम को किया गया। सोनी तिवारी ने कहा कि हमारा उद्देश्य हर जरूरतमंद लोगों तक पहुंचकर उनकी सेवा करना है।उन्होंने आमजन से भी इस ठंड में जरूरतमंद लोगों की मदद करने की अपील की। मौके पर निहाल सिन्हा, मनीष सिन्हा, राकेश राज, पियूष राज, अमित कुमार, रौशन कुमार, अजय सिन्हा, कुणाल कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने विभागाध्यक्षों के साथ की समीक्षा बैठक

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों, मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की गयी । इस बैठक में महाप्रबंधक द्वारा पूर्व मध्य रेल पर चल रहे यात्री सुविधा एवं आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की । समीक्षा बैठक में महाप्रबंधक ने निर्माण परियोजनाओं तथा रेल विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का दिशा-निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि हमें रेलवे के प्रत्येक क्षेत्र में नई तकनीक का ज्यादा-से-ज्यादा प्रयोग करना होगा ताकि लोगों की अपेक्षा पर खरे उतरते हुए उन्हें बेहतर परिणाम दे सकें । महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने कहा कि गाड़ियों का समय-पालन, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास एवं विस्तार, अमृत भारत स्टेशनों के कार्य में तेजी लाने, माल लदान, राजस्व में वृद्धि, स्वच्छता एवं कर्मचारी कल्याण हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है।

## केंद्रीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में 100 दिवसीय टी.बी. मुक्त भारत जन-जागरूकता भागीदारी अभियान का आयोजन



**हाजीपुर।** पटना स्थित केंद्रीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में 100 दिवसीय टी.बी. मुक्त भारत जन-जागरूकता भागीदारी अभियान के तहत डा. सुबोध कुमार मिश्रा, चिकित्सा निदेशक के दिशा निर्देशन में एक विशेष सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) का आयोजन किया गया जिसमें प्रजेंटेशन के माध्यम से टी.बी. (क्षय रोग) के लक्षणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । आज का यह आयोजन आनेवाले दिनों में होने वाली सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) श्रृंखला की पहली कड़ी थी । आगे के आयोजनों में टी.बी. (क्षय रोग) से संबंधित नवीनत्तम चिकित्सा अनुसंधान, तकनीकें, निदान और उपचार के नवीनत्तम तरीके, टीकाकरण, बचाव आदि विशयों पर संगोष्ठियां आयोजित की जायेंगी । इस अवसर पर चिकित्सा निदेशक, डा. सुबोध कुमार मिश्रा एवं अस्पताल के अन्य चिकित्सकगण, पारा मेडिकल कर्मचारीगण शामिल हुए।

## पलायन की समस्या के समाधान के लिए नीतीश कुमार भागीरथ प्रयास कर रहे : नवल शर्मा

**पटना।** जदयू प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और लालू की कोख से पनपे पलायन की समस्या के समाधान के लिए नीतीश कुमार भागीरथ प्रयास कर रहे। जंगलराज के जातीय संघर्ष और अराजकता तथा कांग्रेस के माल भाड़ा समानीकरण के आर्थिक प्रभावों से उपजे पलायन की समस्या से लड़ते हुए नीतीश कुमार न केवल प्रत्यक्ष रोजगार बल्कि अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन दोनों ही तरीकों से पलायन की जड पर प्रहार कर रहे । इसके लिए भारी मात्रा में सरकारी नौकरियां दी जा रहीं, प्रत्येक विभाग में नई नियुक्तियां निकाली जा रहीं, पर्यटन क्षेत्र का अभूतपूर्व विकास किया जा रहा, होटल इंडस्ट्री में फाइव स्टार सहित बडे बडे होटल खुल रहे, उद्योग धंधों का विकास किया जा रहा, निवेश को बढ़ावा दिया जा रहा। इसके अलावा इंडस्ट्रियल पार्क,औद्योगिक पॉलिसी, टैक्सटाइल पॉलिसी, लेदर पॉलिसी जैसे न जाने कितने तरकीबों से नीतीश कुमार बिहार को पलायन के दंश से मुक्ति दिलाने के लिए भगीरथ प्रयास कर रहे। बिहारवासियों के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि जब केंद्र से लेकर राज्य तक कांग्रेस का एकछत्र राज्य था, तब कांग्रेसवालों ने ऐसे कानून बनाए जिससे बिहार के खनिज संसाधनों का इस्तेमाल कर बिहार के बजाय दूसरे राज्यों में उद्योग धंधे लगे। कांग्रेस के माल भाड़ा समानीकरण ने बिहार के आर्थिक विकास का खून चूस लिया।

## 10, 470 शिक्षकों का खुद करेंगे ट्रांसफर: सिद्धार्थ

» 1.80 लाख शिक्षकों के तबादले की जिम्मेदारी डीईओ पर, हर महीने जारी होगी लिस्ट

**पटना।** बिहार में 1.90 लाख शिक्षकों का तबादला होना है। 10,470 शिक्षकों का ट्रांसफर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ खुद करेंगे। प्रत्येक शिक्षक की मार्कशीट और जो प्रमाण-पत्र ट्रांसफर के आवेदन के साथ अपलोड किए गए हैं, उसकी जांच भी वो खुद ही करेंगे। ये वे शिक्षक हैं जो किसी न किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। दिव्यांग हैं या विधवा हैं। बचे हुए 1.80 लाख शिक्षकों के ट्रांसफर की जिम्मेदारी जिलों में जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) की होगी। अपर मुख्य सचिव की ओर से प्रत्येक महीने 5 से 8 दिनों के अंतराल पर शिक्षकों के ट्रांसफर की लिस्ट जारी की जाएगी। शुरूआत में प्रमाण-पत्रों की जांच में लगने वाले समय की वजह से ट्रांसफर प्रक्रिया सुस्त रहने की संभावना है, बाद में इसमें तेजी आएगी। मुख्यालय में कैटेगरी और जिला के आधार पर शिक्षकों के आवेदन फॉर्म को सूचीबद्ध किया जाएगा। इसके बाद प्रत्येक जिले के डीईओ को ट्रांसफर लिस्ट भेजी जाएगी। डीईओ शिक्षकों को प्रखंड आवंटित करेंगे। प्रखंड शिक्षा अधिकारी शिक्षकों को स्कूल आवंटित करेंगे। बची हुई सीटों के बारे में हर दिन जानकारी मुख्यालय भेजी जाएगी। बिहार में लगभग 1.90 लाख में से लगभग 1700 से अधिक ऐसे शिक्षक हैं, जो विभिन्न कारणों से निलंबित हैं या फिर उनके ऊपर कोई आरोप लगा हुआ है या फिर प्रमाण पत्र संदिग्ध हैं। ऐसे में ट्रांसफर प्रक्रिया में ऐसे शिक्षकों का ट्रांसफर अभी होल्ड किया जाएगा। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने कहा कि शिक्षकों के ट्रांसफर की मॉनिटरिंग हम खुद कर रहे हैं। विशेष शिक्षकों के ट्रांसफर के आवेदन को पढ़ने के बाद ही कार्रवाई हो रही है। जिन शिक्षकों ने ट्रांसफर का आवेदन किया है, उन सभी का ट्रांसफर होगा।

# हिमालया वेलनेस का माय फर्स्ट पिम्पल कैम्पेन सफलता से संपन्न

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** देश के अग्रणी वेलनेस ब्रांड हिमालया वेलनेस ने अपने प्रभावशाली अभियान 'माय फर्स्ट पिम्पल' का सफलतापूर्वक समापन किया। यह अभियान पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश में हजारों किशोर लड़कियों तक पहुंचा। इसका उद्देश्य उन किशोरियों को सशक्त बनाना था, जो किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक बदलावों और खासकर त्वचा से जुड़ी समस्याओं, जैसे मुंहासों का सामना कर रहे हैं। किशोरावस्था में मुंहासे होना आम बात है। यह शरीर में हार्मोनल बदलावों का एक सामान्य परिणाम है, जिससे त्वचा में तेल का उत्पादन बढ़ जाता है और मुंहासे दिखाई देने लगते हैं। हिमालया वेलनेस ने यह समझा कि इन बदलावों का लड़कियों के आत्मसम्मान और आत्मविश्वास पर गहरा असर पड़ सकता है। 'माय फर्स्ट पिम्पल' अभियान के दूसरे चरण में स्कूलों में जाकर सटीक जानकारी और व्यावहारिक सुझाव दिए गए। इसने किशोरों को त्वचा की देखभाल के सरल उपाय सिखाए और उन्हें यह समझाया कि ये बदलाव जीवन के एक सामान्य और अस्थायी हिस्सा हैं। इस अभियान ने न केवल त्वचा की देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाई बल्कि किशोरों को इस चरण को आत्मविश्वास और सकारात्मकता के साथ अपनाने में मदद की। ''माय फर्स्ट पिम्पल'' प्रोग्राम 125 से अधिक स्कूलों में आयोजित किया गया, जहां स्किनकेयर के स्थानीय इन्फ्लुएंसर्स ने बच्चों के साथ बातचीत के सत्रों का संचालन किया। हिमालया वेलनेस में ब्यूटी और पर्सनल केयर की मार्केटिंग डायरेक्टर रागिनी हरिहरन ने इस पहल पर बात करते हुए कहा, "हम 'माय फर्स्ट पिम्पल' प्रोग्राम के सफल समापन की घोषणा करते हुए बेहद खुश हैं। किशोरों के लिए यह कार्यक्रम उनकी त्वचा की देखभाल के सफर में ज्ञान और आत्मविश्वास बढ़ाने का एक अनूठा प्रयास था। हमारा मानना है कि मुंहासे स्वाभाविक हैं और इससे किसी भी युवा का आत्मविश्वास कम नहीं होना चाहिए।

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने विभागाध्यक्षों के साथ की समीक्षा बैठक



नई सोच एक्सप्रेस

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों, मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की गयी । इस बैठक में महाप्रबंधक द्वारा पूर्व मध्य रेल पर चल रहे यात्री सुविधा एवं आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की । समीक्षा बैठक में महाप्रबंधक ने निर्माण परियोजनाओं तथा रेल विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का दिशा-निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि हमें रेलवे के प्रत्येक क्षेत्र में नई तकनीक का ज्यादा-से-ज्यादा प्रयोग करना होगा ताकि लोगों की अपेक्षा पर खरे उतरते हुए उन्हें बेहतर परिणाम दे सकें । महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने कहा कि गाड़ियों का समय-पालन, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास एवं विस्तार, अमृत भारत स्टेशनों के कार्य में तेजी लाने, माल लदान, राजस्व में वृद्धि, स्वच्छता एवं कर्मचारी कल्याण हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है।

## बैंक प्रबंधक की मनमानी से ग्राहक परेशान

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** राजधानी पटना के कॉलेज आफ कामर्स स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया की महिला प्रबंधक द्वारा ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार और उनके मनमानी से बैंक के खाताधारी काफी परेशान है। गौर तलब है कि इस बैंक की शाखा में पूरी तरह महिलाओं का साम्राज्य है और महिला कर्मचारी द्वारा ही इस शाखा को संचालित किया जाता है। बावजूद इसके महिला प्रबंधक महिलाओं की व्यथा को नहीं समझती। इतना ही नहीं बीमार, अस्वस्थ और दिव्यांग ग्राहकों के भी यहां घोर उपेक्षा की जाती है। कॉलेज ऑफ कॉमर्स के सहायक जय प्रकाश भरतुआर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उनकी पत्नी श्रीमती मंजू सिंहा कई वर्षों से काफी बीमार है। चलने फिरने में असमर्थ है। बैंक को इसकी जानकारी और प्रमाण देने के बाद भी बैंक प्रबंधक द्वारा उक्त महिला ग्राहक मंजू सिंहा का के वाई सी नहीं किया जा रहा है। मंजू सिंहा का पुत्र जो बीएसएफ में तैनात है की 2 महीने बाद शादी है। इसके लिए श्रीमती सिंहा द्वारा बैंक में रकम निकासी करना है। लेकिन अपनी मनमानी पर उतारू महिला बैंक प्रबंधक का कहना है कि केवाईसी के लिए मंजू सिंह को खुद बैंक आना पड़ेगा। जबकि मंजू सिंहा गंभीर रूप से बीमार हैं और हाल ही में बायलर से इलाज करा कर वापस आई है। वे चलने फिरने के काबिल नहीं है। बैंक के अन्य ग्राहकों ने बताया कि उक्त महिला प्रबंधक पूरे तानाशाही अंदाज में महिला ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार करती हैं और किसी भी प्रकार के विवाद होने पर ग्राहकों को ही दोषी ठहराते हैं और उनके विरुद्ध अपशब्दों का प्रयोग करतो हैं। कॉलेज आफ कॉमर्स के सहायक जयप्रकाश भारतवर्ष ने बताया कि बैंक में यह नियम है कि यदि कोई व्यक्ति चलने फिरने में असमर्थ हो और बैंक नहीं आ सकता तो संबंधित शाखा प्रबंधक द्वारा बैंक के स्टाफ को भेज कर उसके हस्ताक्षर लिया जा सकते हैं या जांच पड़ताल किया जा सकता है। इस बैंक के महिला प्रबंधक द्वारा इस नियम का भी पालन नहीं किया जा रहा है। श्री भरतुआर ने बताया कि बे इस मामले को लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक को लिखित रूप से अवगत करा चुके हैं ।उन्होंने तत्काल इस महिला बैंक प्रबंधक के स्थानांतरण की मांग की है।

## पटना जीपीओ में निरीक्षण क्वार्टर का उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** पटना जी.पी.ओ. के विशाल और ऐतिहासिक परिसर में नवीनीकृत निरीक्षण क्वार्टर का उद्घाटन समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस भव्य और आधुनिक नवीनीकृत निरीक्षण क्वार्टर का उद्घाटन बिहार डाक परिमंडल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार के द्वारा किया गया | उन्होंने कहा कि यह विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि इससे उन्हें बेहतर, सुरक्षित, स्वच्छ और आरामदायक आवास सुविधाएं मिल सकेंगी। इस क्वार्टर में न केवल विशाल और हवादार कमरे हैं बल्कि आधुनिक उपकरणों से लैस रसोईघर और सुव्यवस्थित बाथरूम जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। इसके साथ ही, क्वार्टर में प्राकृतिक रोशनी और वेंटिलेशन का भी खास ध्यान रखा गया है। पर्याप्त धूप और हवा के आवागमन से क्वार्टर में रहने का अनुभव और भी बेहतर और स्वास्थ्यवर्धक हो जाता है। नवीनतम उपकरणों और फर्नीचर से सुसज्जित यह नवीनीकृत क्वार्टर उच्च गणमान्य व्यक्तियों के लिए एक सुविधाजनक प्रवास प्रदान करेगा| इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए, अनिल कुमार, चीफ पोस्टमास्टर जनरल, बिहार ने निरीक्षण क्वार्टर के उद्घाटन पर अपनी खुशी और उत्साह व्यक्त की और कहा कि यह क्वार्टर पटना में अपने प्रवास के दौरान अधिकारियों के लिए एक अनुकूल वातावरण प्रदान करेगा। इस उद्घाटन समारोह में डाक विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने इस नए क्वार्टर की प्रशंसा की और इसे विभाग द्वारा अधिकारियों के कल्याण के लिए उठाया गया एक सराहनीय और प्रेरणादायक कदम बताया। उद्घाटन समारोह में पवन कुमार, निदेशक डाक सेवाएं (मुख्यालय) पटना,रंजय कुमार सिंह, मुख्य डाकपाल, पटना जीपीओ; मनीष कुमार, वरीय डाक अधीक्षक, पटना; श्रीमती कुमारी सरिता, उप मुख्य डाकपाल, पटना जीपीओ और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। पवन कुमार, निदेशक डाक सेवाएं (मुख्यालय) पटना, ने उपस्थित सभी को धन्यवाद दिया।

# मेदांता के सहयोग से लिटेरा पब्लिक स्कूल ने आम लोगों के लिये फ्री स्वास्थ्य शिविर

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** लिटेरा पब्लिक स्कूल मौजीपुर ब्रांच ने आज जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेसियलिटी अस्पताल पटना और मेदांता फाउंडेशन पुअर एंड नीडी पेशेंट वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से स्कूल परिसर में मुफ़्त स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया । इस शिविर के उद्घाटन अवसर अस्पताल के चेयरमैन डा रवि, मुख्य अतिथि के रूप में डा रंजन बिहार की ख्याति लब्ध महिला साहित्यकार और समाजसेवी ममता मेहरोत्रा और लिटेरा पब्लिक ग्रुप आफ स्कूल के डाइरेक्टर आशुतोष मेहरोत्रा उपस्थित थे । मौक़े पर डा रवि ने कहा कि मेंदाँता अस्पताल इस तरह का जनसहयोगी कार्यक्रम के आयोजन में अपनी सहभागिता देकर गौरवान्वित महसूस करता है। हम पहले भी ऐसा करते रहे हैं और आगे भी जनसहयोग के कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाते रहेंगे । उन्होंने कहा कि मेदांता किडनी ,हर्ट, कैंसर और न्यूरो से सम्बंधित बीमारियों के लिए अधिक से अधिक सपोर्ट तो करता ही है साथ ही कम क़ीमतों या सम्भव हुआ तो फ़्री सुविधा भी उपलब्ध कराता है। मुख्य अतिथि के तौर पर डा रंजन ने कहा कि लिटेरा पब्लिक स्कूल राज्य का एकलौता शिक्षण संस्थान है, जो जनस्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैलाता रहता है और ऐसे जनसहयोगी कार्यक्रम का आयोजन करता रहता है। इसके लिए हमसब की ओर साधुवाद। उन्होंने कहा कि आज़ जितने भी रजिस्ट्रेशन इस शिविर में हुए हैं , उन सबका इलाज भविष्य में पटना मेदाँता में सरकार द्वारा दी जाने वाली अनुदान राशि और सुविधाओं के साथ होगी । उन्होंने कहा क़ि आजका रजिस्ट्रेशन ऐप के माध्यम से हुआ है जो मेदांता के पटना ब्रांच से जुड़े हैं । मौक़े पर उपस्थित ममता मेहरोत्रा ने कहा कि जरूरतमंदों के लिए जन सहयोग की भावना हम सब में होनी चाहिए । ऐसे सार्वजनिक कार्यक्रम हमारी प्राथमिकता में होनी चाहिए। ग्रुप आफ स्कूल के दाइरेक्टर आशुतोष मेहरोत्रा ने कहा कि हमारे स्कूल में एकेडमीक एक्टिविटी के साथ साथ एक्सट्रा एक्टिविटी भी समय समय पर होते रहाता है । अध्यापन हमारा मुख्य काम है लेकिन ऐसे आयोजनों का प्रभाव भी बच्चों के मस्तिष्क पर सकारात्मक असर डालता है। बच्चों में समाजिकता का भी सही ढंग से विकाश होता है । इस शिविर में बच्चों के अभिभावक सहित आस पास के लगभग 200 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जाँच कराई । इस शिविर में वजन, बीपी , रैंडम शुगर, एसपीओ 2 और ईसीजी की मुफ़्त जाँच की गई। इसके अलावे अन्य चिकित्सकिय परामर्श भी फ़्री दिए गए ।

## अंतर्राष्ट्रीय पौष खरमास मेला समापन कार्यक्रम में सम्मानित हुए देवराज उर्फ मुन्ना पंडित



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** पुनपुन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पौष खरमास मेला समापन कार्यक्रम में बिहार के लब्ध प्रतिष्ठित कलाकार देवराज उर्फ मुन्ना पंडित को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्याम रजक ने सम्मानित किया। उन्होंने सम्मानित करने के बाद बताया कि मुन्ना पंडित का निर्गुण और भजन मुझे कई कार्यक्रमों में सुनने का मौका मिला है और आज उन्हें सम्मानित करते हुए मुझे महसूस हो रहा है कि आज मैं गायन के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट कलाकार को सम्मानित कर न्याय कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि समापन कार्यक्रम में मुन्ना पंडित का निर्गुण और भजन प्रस्तुति सही मायने में धमाकेदार रही। कार्यक्रम का शुरूआत देवराज उर्फ मुन्ना पंडित ने गणेश वंदना "घर में पधारो गजाननजी" से की। उसके बाद निर्गुण "भंवरवा के तोहरा संगे जई के" साथ साथ अनेक निर्गुण और भजन की प्रस्तुति की। कार्यक्रम में देवराज उर्फ मुन्ना पंडित को सम्मानित करने वालों में पूर्व मंत्री श्याम रजक और अनुमंडल पदाधिकारी मसौढ़ी अमित पटेल थे। उन्होंने देवराज उर्फ मुन्ना पंडित को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया।

# रेलवे में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की परिवर्तनकारी यात्रा: अरोमा सिंह ठाकुर

नई सोच एक्सप्रेस



» भारतीय रेलवे के 47 आरपीएफ थानों को आरपीएफ महिला निरीक्षकों द्वारा संचालित किया जा रहा है

**हाजीपुर।** गतिशीलता केवल लोगों की आवाजाही से ही जुड़ी नहीं है, यह सशक्तिकरण का एक साधन है, अधिकारों को सक्षम करने वाला और सामाजिक-आर्थिक विकास का अग्रदूत है। भारतीय रेलवे प्रतिदिन 23 मिलियन से अधिक यात्रियों को अपनी सेवा प्रदान करता है । गतिशीलता शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवा और सामुदायिक भागीदारी सहित कई अवसरों तक पहुंच का प्रतिनिधित्व करती है । इस विशाल रेल नेटवर्क पर निर्भर रहने वाली लाखों महिलाओं के लिए, सुरक्षित गतिशीलता एक मौलिक अधिकार और सशक्तिकरण का साधन है। गतिशीलता आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाती है, इस प्रकार जीडीपी वृद्धि में योगदान देती है। जैसा कि मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट ने रेखांकित किया है, भारत के श्रम बल में लैंगिक अंतर को कम करने से 2025 तक जीडीपी में 770 बिलियन की वृद्धि हो सकती है। भारतीय रेलवे और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, जो समावेश और सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं। आरपीएफ द्वारा कई यात्री-केंद्रित पहल किए जा रहे हैं। इन्हीं में ऑपरेशन मेरी सहेली है, जो 2020 में महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई एक समग्र पहल है । विशेष रूप से अकेले रेल यात्रा करने वाली, बच्चों के साथ या देखभाल करने वाली महिलाओं के लिए । 230 समर्पित मेरी सहेली टीमें राष्ट्रीय स्तर पर हर रोज़ लगभग 3240 ट्रेनों को एटेंड कर रही हैं । ये महिला आरपीएफ कर्मी प्रतिदिन महिला यात्रियों से उनकी यात्रा की शुरूआत से लेकर अंत तक बातचीत करती हैं, यात्रा के दौरान संपर्क बनाए रखती हैं और गंतव्य पर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। भारतीय रेलवे के चार प्रमुख मंडलों का नेतृत्व महिला वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्तों द्वारा किया जा रहा हैं और भारतीय रेलवे के 47 आरपीएफ थानों को आरपीएफ महिला निरीक्षकों द्वारा संचालित किया जा रहा है । महिला कर्मी सुरक्षा चुनौतियों के प्रति सूक्ष्म दृष्टिकोण रखती हैं। महिलाओं को सुरक्षा के मामले में सबसे आगे रखकर, ये पहल न केवल सुरक्षा को बढ़ाती हैं बल्कि महिलाओं की क्षमताओं के बारे में सामाजिक धारणा को भी परिभाषित करती हैं। आरपीएफ ने ऑपरेशन एएएचटी (मानव तस्करी के खिलाफ कार्रवाई) शुरू किया, जिसमें तस्करी नेटवर्क को लक्षित किया गया और पीड़ितों को बचाया गया। जैसा कि महात्मा गांधी ने कहा था, ष्एक सभ्य समाज की सबसे अच्छी परीक्षा यह है कि वह अपने सबसे कमजोर सदस्यों के साथ कैसा व्यवहार करता है। महिलाओं के लिए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करके और अपने कर्मियों को सशक्त बनाकर, भारतीय रेलवे इस लोकाचार का उदाहरण प्रस्तुत करता है, एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देता है जहां सम्मान और सुरक्षा प्रगति की आधारशिला हैं। ऐसे युग में जब सुरक्षा और सशक्तिकरण को विकास के आधार के रूप में तेजी से पहचाना जा रहा है, आरपीएफ दूरदृष्टि, सहानुभूति और कार्रवाई की परिवर्तनकारी शक्ति का एक प्रमाण है। भारतीय रेलवे, आरपीएफ के अथक प्रयासों के माध्यम से यह साबित कर रहा है कि जब महिलाएं सुरक्षित होती हैं, तो समाज फलता-फूलता है। यह केवल यात्री सेवा ही नहीं बल्कि राष्ट्र को सम्मान, समानता और प्रगति की ओर ले जाने के बारे में है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोर्चा ने की नामांकन की तिथि विस्तारित करने की मांग

**छपरा।** युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के प्रमुख संरक्षक सह पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शेख नौशाद के नेतृत्व में छात्रों ने जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के कुलपति को बुधवार को एक आवेदन दिया। जिसमें स्नातक पार्ट टू में नामांकन एवं परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि विस्तारित करने की अपील की। छात्र नेता सरताज खान ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अधिकांश कॉलेजों में मार्कशीट लेट से भेजा गया है। जिस कारण बहुत छात्र परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित हो गए है।छात्रों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए तिथि को विस्तारित करना चाहिए।

### सांसद प्रतिनिधि का हुआ स्वागत



**सुगौली।** बेतिया सांसद संजय जायसवाल के द्वारा पूर्वी चंपारण के सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सराफ सांसद प्रतिनिधि पद पर नियुक्त किया गया है। जिसको लेकर एनएच बेतिया मोतिहारी के छपवा चौक पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदीप सराफ को मंगलवार की देर शाम स्वागत किया गया। भारी संख्याओं में कार्यकर्ताओं ने सांसद प्रतिनिधि को फूल माला व अंग वस्त्र से स्वागत किया। सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सराफ ने कहा कि जो जिमवारी हमको संसद द्वारा दी गई है उसे पूरा किया जाएगा। पार्टी के कार्यकर्ताओं व जनता की समस्या जो भी होगी उसे दूर करने का प्रयास की जाएगी। स्वागत में फुलवरिया मुखिया अवधेश कुमार कुशवाहा, भाजपा नेता सुकन साह, संदीप कुमार, महेश मिश्रा,बिक्कु कुमार, पैक्स अध्यक्ष संजीव शर्मा, संतोष मिश्रा, विशाल श्रीवास्तव, राहुल कुमार गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### एल्यूमीनियम फैक्ट्री के बोआयलर फटने से एक मजदूर की मौत एवं 8 मजदूर घायल



**पूसा/ समस्तीपुर।** पूसा रोड स्थित अल्युमिनियम फैक्ट्री में बॉयलर फटने से एक मजदूर की मौके पर मौत हुई और 8 मजदूर घायल हुए हैं। घायलों को ईलाज के लिए अस्पताल भेजा जा रहा है जबकी मृत मजदूर का शव मौके पर पड़ा है। घटना से अफरातफरी का माहौल है। भाकपा माले जिला स्थाई समिति सदस्य सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने घटना की उच्च स्तरीय जांच कर फैक्ट्री का मेंटेनेंस नहीं करने एवं श्रम कानून का उल्लघंन करने के दोषी प्रबंधक पर दोषियों पर कारवाई, मृतक के परिजनों को 20 लाख रूपये मुआवजा देने, घायलों का सरकारी स्तर पर ईलाज कराने की मांग की है।

### माय फर्स्ट पिम्पल प्रोग्राम 125 से अधिक स्कूलों में आयोजित किया गया



**गया।** देश के अग्रणी वेलनेस ब्रांड हिमालया वेलनेस ने अपने प्रभावशाली अभियान 'माय फर्स्ट पिम्पल' का सफलतापूर्वक समापन किया। यह अभियान पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश में हजारों किशोर लड़कियों तक पहुंचा। इसका उद्देश्य उन किशोरियों को सशक्त बनाना था, जो किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक बदलावों और खासकर त्वचा से जुड़ी समस्याओं, जैसे मुंहासों का सामना कर रहे हैं। ''माय फर्स्ट पिम्पल'' प्रोग्राम 125 से अधिक स्कूलों में आयोजित किया गया, जहां स्किनकेयर के स्थानीय इंफ्लुएंसर्स ने बच्चों के साथ बातचीत के सत्रों का संचालन किया। इन सत्रों में यौवन के दौरान हार्मोनल बदलावों को समझने, मुंहासों के कारणों और त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के उपायों पर चर्चा की गई। हिमालया वेलनेस में ब्यूटी और पर्सनल केयर की मार्केटिंग डायरेक्टर रागिनी हरिहरन ने इस पहल पर बात करते हुए कहा, "हम 'माय फर्स्ट पिम्पल' प्रोग्राम के सफल समापन की घोषणा करते हुए बेहद खुश हैं। किशोरों के लिए यह कार्यक्रम उनकी त्वचा की देखभाल के सफर में ज्ञान और आत्मविश्वास बढ़ाने का एक अनूठा प्रयास था।

### ज़िला प्रशासन की ओर से मकर संक्रांति महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया



**जहानाबाद।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार एवं जिला प्रशासन, जहानाबाद के संयुक्त तत्वाधान में गांधी मैदान में मकर संक्रांति महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय एवं डॉ० प्रमोद कुमार के संयुक्त नेतृत्व में स्थानीय गांधी मैदान में मकर संक्रांति महोत्सव का दीप प्रजव्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालय के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने सभी जिलेवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामना देते हुए अपने संबोधन में कहा कि पौष मास में जिस दिन सूर्य का मकर राशि में प्रवेश होता है। उस दिन मकर संक्रांति मनाया जाता है। यह शुभता और समृद्धि का संकेत देता है। गंगा या अन्य पवित्र नदियों में स्नान कर पूजा-अर्चना करते हैं। इसके साथ ही यह एक विशेष खगोलीय घटना भी है। यह पर्व सूर्य देवता को समर्पित है। इसके साथ-साथ सामाजिक मेल-जोल का प्रतीक है। यह पर्व सिर्फ धार्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। यह पर्व किसानों के लिए नई फसल के आगमन का प्रतीक है। जिससे हमारे जीवन में समृद्धि और खुशहाली आती हैं। यह एक ऐसा समय है जब हम अपनी संस्कृति और धरोहर के प्रति गर्व महसूस करते हैं। जिला प्रशासन द्वारा मकर संक्रांति के इस अवसर को जहानाबाद वासियों के लिए ऐतिहासिक बनाने हेतु यह आयोजन किया गया है। बिहार विधान परिषद् ,श्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी के सदस्य जिला कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अजय कुमार देव, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य धीरज कुमार, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य अनिल ठाकुर सहित अन्य माननीय जनप्रतिनिधिगण, अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, उप विकास आयुक्त धनंजय कुमार, अपर समाहर्ता विनय कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी धनंजय त्रिपाठी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी चांदनी कुमारी, वरीय उप समाहर्ता शिल्पी आनंद, प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा कंचन कुमारी झा, सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, माला कुमारी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण द्वारा पतंग उड़ाया गया। इसके साथ ही मकर संक्रांति महोत्सव के अवसर पर चुड़ा - दही भोजन कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय जिला खेल भवन सह व्यायामशाला में आयोजित किया गया।

# बहन मायावती का 69वॉ जन्म दिन हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

नई सोच एक्सप्रेस



**राजगीर।** राजगीर स्थित सत्य गुरु कबीर समानव्य वृद्ध एवं गौ सेवा आश्रम कबीर मठ में बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में परम आदरणीय सुश्री बहन मायावती जी का चित्र के समक्ष केक काटकर 69वॉ जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ बनाई गई। इस अवसर पर खिचड़ी चोखा भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष शंकर दास जिला प्रभारी रामदेव चौधरी जिला महासचिव उमेश पंडित वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता बलराम साहब ने संयुक्त रूप से कहा कि सुश्री बहन मायावती जी का जन्म 15 जनवरी 1956 ई को नई दिल्ली के सामान्य परिवार में हुआ था। उनके पिता प्रभु दास गौतम बुद्ध नगर में एक डाकघर के कर्मचारी थे। मायावती के 6 भाई एवं दो बहने हैं।उन्हें बहन जी के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने 1975 ई में दिल्ली विश्वविद्यालय के कालिंदी कॉलेज से कला में स्नातक की।1976 ई में उन्होंने मेरठ विश्वविद्यालय से B.Ed और 1983 ई में दिल्ली विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढ़ाई की। राजनीति में प्रवेश से पूर्व दिल्ली के एक स्कूल में शिक्षण कार्य करती थी। इसके अलावा वे भारतीय प्रशासनिक सेवा के परीक्षाओं के लिए अध्ययन भी करती थी। सन 1977 ई में मान्यवर कांशीराम के संपर्क में आने के बाद उन्होंने एक पूर्ण कालिक राजनीतिज्ञ बनने का निर्णय ले लिया। कांशीराम के संरक्षण के अंतर्गत वे उस समय उनकी कोर टीम का हिस्सा रही, जब सन 1984 ई में बसपा की स्थापना हुई थी। 1989 ई में उन्होंने लोकसभा के चुनाव में पहली जीत हासिल की जहां यह बिजनौर सीट से खड़ी हुई और भारी मतों से जीता इसके बाद उन्होंने 1994 ई में भी लोकसभा का चुनाव जीता। इस चुनाव मायावती जी को लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय हो गई थी। 1989 ई बिजनौर लोकसभा ( सुरक्षित )उत्तर प्रदेश से संसद सदस्य निर्वाचित। 1994 ई उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के लिए निर्वाचित। 1995 ई प्रथम महिला दलित महिला के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य की मुख्यमंत्री के पद की शपथ ली। उत्तर प्रदेश की राजनीति में मायावती एक मजबूत स्तंभ है। इस मौके पर उपस्थित सभी ने सुश्री बहन मायावती की लंबी उम्र की कामना किए एवं शुभकामनाएं दिए। इस अवसर पर महंत मुन्ना साहब राजेश ठाकुर रामप्रीत चौहान एकलव्य बौद्ध पवन कुमार पुटुस कुमार चंदन कुमार आलोक कुमार संदीप कुमार विकास कुमार सुबोध दास अमर कुमार राम अवतार दास सुरेश दास जैन दास विक्रम कुमार संजय यादव मुंशी लाल आशा देवी पार्वती देवी महादेव रविदास डॉक्टर इंग्लिश कुमार संजीव कुमार अवधेश कुमार अजय कुमार निरंजन कुमार विनोद कुमार संतोष कुमार यादव अरविंद रविदास राजेश रविदास शिवकुमार दास आदि सैकड़ो की संख्या में महिला /पुरुष उपस्थित थे।

## 21 जनवरी तक मनाया जाएगा भूकम्प सुरक्षा सप्ताह



नई सोच एक्सप्रेस

**» जिलाधिकारी ने जागरूकता रथ एवं कला जत्था को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**छपरा।** 15 से 21 जनवरी तक भूकम्प सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से लोगों को भूकंप आपदा की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर जागरूकता रथ एवं कला जत्था के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। जिलाधिकारी अमन समीर ने बुधवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आगामी 7 दिनों तक दस जागरूकता रथ एवं कला जत्था विभिन्न प्रखण्डों में जाकर लोगों को भूकम्प की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक करने का प्रयास करेगी। इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता एवं जिला आपदा शाखा प्रभारी भी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में की गई गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी के लिए बैठक



नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक अरविन्द प्रताप सिंह के संयुक्त अध्यक्षता में आगामी गणतंत्र दिवस को उत्सवी वातावरण में मनाने हेतु बैठक आयोजित की गयी। जिसमें 26 जनवरी को प्रातः प्रभात फेरी, झंडोत्तोलन, परेड कार्यक्रम, झांकी प्रदर्शन, महादलित टोलों में झंडोत्तोलन, खेल-कूद कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों के आयोजन हेतु रूप रेखा तय किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सर्व प्रथम कारगिल चैक पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा श्रद्धांजलि अर्पण, पूर्वाह्न 08:50 बजे, गाँधी मूर्ति पर माल्यापर्ण, पूर्वाह्न 08:55 बजे, मुख्य समारोह स्थल गाँधी मैदान में झंडोत्तोलन पूर्वाह्न 09:00 बजे, समाहरणालय में झंडोत्तोलन 10:10 बजे, विकास भवन में 10:20 बजे, अनुमंडल कार्यालय में 10:30 बजे, जिला परिषद कार्यालय में 10:50 बजे तथा पुलिस केन्द्र में झंडोत्तोलन 11:00 बजे किया जायेगा। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर आर्कषक परेड का प्रदर्शन किया जायेगा। जिसमें एन.सी.सी स्काउट गाइड छात्राएँ सहित अन्य विद्यालयों के छात्रों को शामिल कराने का निर्णय लिया गया।
गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में वाद्य यंत्र की व्यवस्था जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा तथा राष्ट्रगान की प्रस्तुती आकर्षक झांकी की प्रस्तुती की जायेगी। जिसमें सरकार की महत्वाकांक्षी एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रदर्शन किया जायेगा।

# डीईओ से मिला संघ का प्रतिनिधिमंडल , प्रान जेनरेट करने का आदेश जारी करने की मांग

नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण कर विशिष्ट शिक्षक के रूप में एक से सात जनवरी 2025 को विद्यालय में योगदान देने वाले शिक्षकों का प्रान नंबर (परमानेंट रिटायरमेंट एकाउंट नंबर) जेनरेट करने के मुद्दे पर बुधवार को परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह ने जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यानन्द ठाकुर को प्रान जेनरेट हेतु आदेश निर्गत करने के लिए ज्ञापन सौंपा। शिक्षक नेता ने कहा कि एनपीएस का लाभ लेने के लिए प्रान नंबर जेनरेट करना आवश्यक है। शिक्षा विभाग की



डीईओ को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता

तरफ से अभी इसकी कोई सूचना

**» प्रान नम्बर जेनरेट न होने से ससमय वेतन से वंचित हो जायेगे विशिष्ट शिक्षक : समरेंद्र**

नहीं है। जिले के शिक्षकों को प्रान जेनरेट करने सम्बंधित विभागीय आदेश का इंतजार है। शिक्षक नेता द्वारा ज्ञापन सौंपते हुए मांग की गयी कि यथाशीघ्र आदेश निर्गत किया जाए क्योंकि यदि ससमय जल्द प्रान नंबर जेनरेट नहीं किया जाता है तो शिक्षकों के जनवरी माह के वेतन भुगतान में देरी होगी। जिले के समस्त शिक्षक जो विशिष्ट शिक्षक के रूप में योगदान दिये हैं, वेतन पाने से वंचित रह जायेंगे।जिससे शिक्षकों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इस मौके पर संजय यादव,हवलदार मांझी,विनोद राय,निजाम अहमद,इंद्रजीत महतो,पीयूष तिवारी,अनिल दास,एहसान अंसारी,रणजीत सिंह,संतोष सिंह,पंकज प्रकाश,सुमन कुशवाहा,अनुज राय, जिंतेंद्र सिंह,अशोक यादव, विनायक यादव,अजीत पांडेय,प्रीतम वर्मा,लालदेव राय,नरेंद्र राय,राहुल रंजन,जयमंगल कुमार,सूर्यदेव सिंह,श्यामबाबू सिंह,बलराम यादव,स्वामीनाथन राय सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## आग लगाने के आरोप में पुलिस हिरासत में



नई सोच एक्सप्रेस

**सुगौली।** प्रखंड क्षेत्र के सुगांव डीह में बुधवार को बगीचा में रखे पुआल में आग लगा दी गई। इसकी सूचना पुआल मलिक ने स्थानीय थाना को दी। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर आग पर काबू पाया, साथ ही आरोपियों को अपने हिरासत में ले लिया। इस संबंध में सुगांव डीह निवासी नवल किशोर ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही राजेश ठाकुर को आरोपी बनाया है। बताया गया है कि राजेश ठाकुर शराब के नशे में पशुओं को खिलाने के लिए रखे पुआल में आग लगा दिया। आरोपी राजेश ठाकुर को पुलिस ने मेडिकल जांच कराकर हिरासत में लिया है । इस संबंध में थाना अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है आवेदन के आलोक में प्राथमिक दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा जाएगा।

# एसआईटी, सीतामढ़ी में उमंग 2025 के अंतर्गत हुआ अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सीतामढ़ी में डीएसटीटीई के मार्गदर्शन में उमंग 2025 के अंतर्गत अंग्रेजी में वाद विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में संस्थान के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के मानसिक विकास, तार्किक क्षमता और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होती हैं। सहायक प्राध्यापक चौधरी अनिकेत अमन ने विषय प्रवेश करते हुए इसकी उपयोगिता एवं जजमेंट क्राइटेरिया के बिंदुओं को विस्तार से बताया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न शाखाओं के छात्र छात्राओं ने अपने विचारों को



पक्ष एवं विपक्ष में स्पष्ट रूप से रखते हुए अपनी वक्तृता कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल द्वारा तृतीय सेमेस्टर कंप्यूटर साइंस की छात्रा अन्नू कुमारी को प्रथम, सीएसई एआईएमएल की छात्रा अक्सा जावेद को द्वितीय एवं सीएसई एआईएमएल के छात्र धर्मराज कुमार को तृतीय स्थान पर घोषित किया गया। इस अवसर पर लैंग्वेज लैब एवं उमंग की नोडल पदाधिकारी डॉ आरती कुमारी ने बताया कि विभाग द्वारा विद्यार्थियों के भाषण कौशल, प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल एवं क्रिटिकल थिंकिंग स्किल पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । इसी क्रम में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन सभी इंजीनियरिंग एवं पॉलीटेक्निक कॉलेजों में विभिन्न स्तरों पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संस्थान स्तर पर चयनित तीन विजेता छात्र छात्राओं को डीएसटीटीई बिहार द्वारा ख्यातिनाम प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा ताकि वे प्रमंडल स्तर और राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। निर्णायक मंडल में सहायक प्राध्यापक डॉ आरती कुमारी, डॉ अरुण कुमार, ऋषभ प्रकाश, सुशील कुमार तिवारी एवं चौधरी अनिकेत अमन शामिल थे। सहायक प्राध्यापक सुशील कुमार तिवारी ने विषय का समेकन करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

## लेट्स इंस्पायर बिहार

राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

### बिहार में विश्वविद्यालय स्तर से लेकर प्राथमिक स्कूल तक स्टार्टअप की चर्चा हो

नई सोच एक्सप्रेस



**आईपीएस विकास वैभव का कहना है कि स्टार्टअप तकनीकी नवाचार में सबसे आगे हैं, जो वास्तविक विश्व की चुनौतियों का समाधान करने के लिए AI, ब्लॉकचेन और IoT का लाभ उठाते हैं। उदाहरण के लिये, एथर एनर्जी अपने अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक स्कूटरों के साथ भारत के EV क्षेत्र में क्रांति ला रही है, जबकि गरुड़ एयरोस्पेस के ड्रोन कृषि उत्पादकता में बदलाव ला रहे हैं।**

**[ स्टार्टअप लॉजिस्टिक्स, मार्केटिंग और विक्रेता प्रबंधन जैसी सहायक सेवाओं के माध्यम से अप्रत्यक्ष रोज़गार को भी बढ़ावा देते हैं, जिससे समग्र रोज़गार पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा मिलता है। 31 दिसंबर 2023 तक, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (DPIIT) ने कुल 1,17,254 स्टार्टअप को मान्यता दी। इन स्टार्टअप्स ने 12.42 लाख से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन किया है, जो अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण योगदान है। ]** भारत विश्व के सबसे तेज़ी से बढ़ते फिनटेक बाज़ारों में से एक है, जिसका वर्तमान आकार 584 बिलियन अमेरिकी डॉलर है और वर्ष 2025 तक इसके 1.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है, जो समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। स्टार्टअप्स ने अपने कारोबार को अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों तक विस्तारित करके भारत की निर्यात क्षमताओं को बहुत हद तक बढ़ाया है। रेज़रपे और पेटीएम जैसी फिनटेक कंपनियाँ अब वैश्विक स्तर पर भुगतान समाधान निर्यात कर रही हैं, जबकि ज़ोहो और फ्रेशवर्क्स जैसी SaaS (सॉफ्टवेयर-ऐज़-अ-सर्विस) फर्म अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों पर प्रभावी बने हुए हैं। वर्ष 2030 तक अकेले भारत के SaaS सेक्टर से 100 बिलियन डॉलर के राजस्व की उम्मीद है, जो वर्ष 2023 में 13 बिलियन डॉलर (NITI आयोग) था। यह वैश्विक उपस्थिति भारत के ब्रांड मूल्य को बढ़ाती है और विदेशी मुद्रा आय में योगदान देती है, जिससे देश के भुगतान संतुलन को सहारा मिलता है। फोनपे, भारतपे और पेटीएम जैसी कंपनियों ने डिजिटल भुगतान को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँचाया है, दिसंबर 2024 में UPI लेन-देन रिकॉर्ड 16.73 बिलियन तक पहुँच गया। भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) के लिये एक आकर्षण का केंद्र बन गया है। ओला इलेक्ट्रिक और लेंसकार्ट जैसे स्टार्टअप ने अरबों डॉलर का वित्त पोषण जुटाया है, जिससे आर्थिक विकास एवं नवाचार को बढ़ावा मिला है। बिहार जैसे गरीब राज्य में अकूत मानव संसाधन उपलब्ध है। इस विशाल मानव संसाधन को सही मार्गदर्शन देने का प्रयास लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से आईपीएस विकास वैभव कर रहे है। युवाओं को स्टार्टअप के लिए प्रेरित करने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। बावजूद इसके अनेक चुनौतियों का सामना भी करना है। स्टार्टअप इकोसिस्टम की प्रगति बनाए रखने के लिए, विनियामक बाधाओं, फंडिंग की कमी जैसी चुनौतियों का समाधान और उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ाना आवश्यक है। इन क्षेत्रों को सुदृढ़ करने से स्टार्टअप की संवहनीयता सुनिश्चित होगी, समावेशी विकास में योगदान मिलेगा और जिससे दीर्घकालिक आर्थिक प्रगति को बढ़ावा मिलेगा। अतः बिहार के शिक्षकों की जवाबदेही बढ़ जाती है। विश्वविद्यालय स्तर से लेकर प्राथमिक स्कूलों तक स्टार्टअप के किस्से और सफल उद्यमियों की चर्चा होनी चाहिए। जिससे बच्चों और युवाओं में कुछ नया करने का जज़्बा उत्पन्न हो और वो अपने बिहार और राष्ट्र निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके।

### 18 जनवरी 2025 को पटना मे राहुल गांधी जी के बिहार दौरे को लेकर आम कांग्रेसजनों में उत्साह का माहौलः अबू तमीम




नई सोच एक्सप्रेस

**समस्तीपुर।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आह्वाहन पर समस्तीपुर जिला कांग्रेस कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसे संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से नियुक्त प्रवेक्षक विधायक प्रतिमा कुमारी दास एवं ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अबू तमीम ने कहा कि आगामी 18 जनवरी 2025 को देश के महान नेता दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, किसानों, युवाओं, मज़दूरों के मसीहा लोकसभा में विपक्ष के नेता जननायक परम आदरणीय राहुल गांधी जी के बिहार दौरे को लेकर आम कांग्रेसजनों में जो उत्साह का माहौल है उसे देखते हुए हमें आशा ही नहीं पूर्णविश्वास है की बड़ी संख्या में पटना पाटलिपुत्र की पावन धरती पर लोग उनके स्वागत के लिए एकत्रित होंगे। इस अवसर पर हम समस्तीपुर जिले के आम नागरिकों विशेष कर कांग्रेसजनों का आवाहन करते हैं की वे अधिक से अधिक संख्या में पटना पधार कर देश के एक महान सपूत के स्वागत में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। विदित हो कि बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में श्री गांधी आम कांग्रेसजनों से संवाद करेंगे तथा सदाकत आश्रम के जीर्णोद्धार के बड़े परियोजना की आधार शिला भी रखेंगे। प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष देवेंद्र नारायण झा, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष देविता कुमारी गुप्ता, कांग्रेस एस०सी० विभाग के ज़िला अध्यक्ष कामेश्वर पासवान, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मो० मोहिउद्दीन, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रितेश कुमार चौधरी, NSUI के जिला अध्यक्ष अभिनव अंशु, उपाध्यक्ष राजन कुमार वर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर ने नया 2025 डियो लॉन्च किया



**पटना।** होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने डियो का नया वर्जन लॉन्च किया, जो ओबीडी2बी मानकों का अनुपालन करता है और कई उन्नत फीचर्स से लैस है। इसे युवाओं की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। 2025 होंडा डियो की शुरुआती कीमत 74,930 रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) है। नई डियो के लॉन्च के मौके पर, एचएमएसआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ सुतसुमु ओटानी ने कहा, ''डियो हमेशा से जोश और नवाचार का प्रतीक रहा है। 2025 डियो में हमने आधुनिक टेक्नोलॉजी, बेहतर प्रदर्शन और पर्यावरण के अनुकूल फीचर्स को जोड़ा है, जिससे यह स्कूटर का अनुभव नए स्तर पर पहुंचाता है। इस अवसर पर होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर अनुज माथुर ने कहा, "हमारा उद्देश्य ऐसा परिवहन समाधान प्रदान करना है जो हमारे ग्राहकों के जीवन को और बेहतर बनाए। 2025 डियो स्टाइल, टेक्नोलॉजी और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मेल है। इसका ओबीडी2बी मानकों का अनुपालन करने वाला इंजन न केवल नए उत्सर्जन मानकों के अनुकूल है, बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन और बेहतर ईंधन क्षमता भी सुनिश्चित करता है।

### एचएमएसआई ने लॉन्च की नई सीबी650आर और सीबीआर650आर



**पटना।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपनी प्रीमियम मोटरसाइकिल रेंज में दो नए मॉडल नई सीबी650आर और सीबीआर650आर लॉन्च किए हैं। ये दोनों बाइक स्टाइल और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मिश्रण पेश करते हुए मोटरसाइकिल प्रेमियों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करेंगी। ग्राहक अब इन नई बाइक्स को अपने नजदीकी बिगविंग डीलरशिप पर बुक कर सकते हैं। इनकी डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू होगी। होंडा के ये नए मॉडल निश्चित रूप से प्रीमियम बाइकिंग के क्षेत्र में एक नया बेंचमार्क स्थापित करेंगे। इस लॉन्च पर एचएमएसआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, ''हमें भारत में सीबी650आर और सीबीआर650आर के नए एडिशन लॉन्च करने की खुशी है। भारत में प्रीमियम मोटरसाइकिल सेगमेंट तेजी से बढ़ रहा है, और हाई परफॉर्मेंस वाली, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी से लैस बाइक्स की मांग बढ़ रही है। एचएमएसआई में हम ग्राहकों की इन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विश्व स्तरीय प्रोडक्ट्स लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर योगेश माथुर ने कहा, "सीबी650आर और सीबीआर650आर को लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। ये मोटरसाइकिलें उन प्रीमियम ग्राहकों के लिए बनाई गई हैं, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस, एडवांस्ड तकनीक और स्टाइलिश डिजाइन को प्राथमिकता देते हैं।"

### राजनीति में युवाओं का दखल जरूरी

**मित्र मेला सह मकर संक्रांति मिलन समारोह**



**मोतिहारी।** पताही प्रखंड क्षेत्र के बोकाने कला पंचायत स्थित महादेव पोखर के प्रांगण में मकर संक्रांति के अवसर पर मित्र मेला सह मकर संक्रांति का आयोजन अधिवक्ता सह युवा नेता आनंद मोहन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में कैसे मजबूत हो,इसपर ही चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व चिरैया विधानसभा प्रत्याशी ई. संजय कुमार, भेलवा पंचायत मुखिया प्रकाश सिंह काका, अधिवक्ता बालकृष्ण केशव ने युवाओं को अपनी ताकत को पहचान कर सही दिशा में आगे बढ़ने की बात कही। आयोजनकर्ता आनंद मोहन ने कहा मकर संक्रांति' का उत्सव. यह उत्सव प्रकृति और पर्यावरण से जुड़ा हुआ है, मकर संक्रांति के उत्सव का एक विशेष संदेश युवाओं के लिए भी है. वही सन्देश इस आलेख में देने का प्रयास किया गया है। प्रकृति और पर्यावरण संबंधी चिताएं आज जगजाहिर है. इस विषय में जानकारी के साथ साथ समझदारी का संवर्धन करने के लिए हम भारतीयों को ही नहीं प्रत्युत विश्व के सभी विद्वानों, विचारकों और नायकों को पुनः मन से और प्रामणिकता के साथ सनातनी हिन्दू दर्शन, दृष्टि, जीवन शैली, व्यवहार शैली, परमपरायें, रीति रिवाज, उत्सव त्यौहार और मानव जीवन के साथ इनके संबंध को लेकर गहन अध्ययन के साथ साथ चिंतन और विश्लेषण भी करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में बोलते हुए ई. संजय कुमार ने कहा बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं को राजनीतिक प्रणाली से जोड़ने का आह्वान किया है। मेरी इस बात पर जबरदस्त प्रतिक्रिया हुई है। उन्होंने ने कहा कि इससे पता चलता है कि कितनी बड़ी संख्या में हमारे युवा, राजनीति में आने को तैयार बैठे हैं। बस उन्हें सही मौके और सही मार्गदर्शन की तलाश है। मौके पर शिव शंकर मिश्रा, संतोष राउत, आलोक वर्मा, शिवम पाण्डेय, हिमांशु सिंह, आदि लोग मौजूद थे।

### धनगामा पंचायत के ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को सौंपा आवेदन पत्र

**» विद्यालय के मामले को उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कमेटी से जांच करने की मांग**



**कटिहार।** जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत धनगामा पंचायत के ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय सह उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय धनगामा की जमीन का कागज विद्यालय के नाम से प्राप्त है। जानकारी के आधार पर स्वर्गीय नाथू शर्मा, पिता स्वर्गीय महंगू शर्मा धनगामा के द्वारा अर्जित है। लेकिन कागजात खोज करने पर यह जमीन स्वर्गीय शफीउद्दीन, पिता स्वर्गीय तमिज़ुद्दीन धनगामा के नाम पर जमाबंदी दर्शाया गया है। जबकि विद्यालय का स्थापना सन 19 57 में हुआ है। और सरकार की तरफ से विद्यालय का संचालन हो रहा है। स्वर्गीय शफीउद्दीन का लड़का यह जमीन का खरीद बिक्री कर रहा है। विद्यालय के परिवार को भी कठिनाई हो रहा है। विद्यालय का ब्योरा नीचे दर्शाया गया है। ग्रामीणों में अमुक लाल शर्मा, चमरू यादव, श्री लाल शर्मा, अग्रमोहन शर्मा, हजारी प्रसाद राय, उपेंद्र शर्मा, सत्तर लाल शर्मा, आलताभ राय, मोही लाल शर्मा, कंचन शर्मा, कुंदन शर्मा, मोहम्मद नावेद राजा, सदानंद ठाकुर, दिलीप शाह, जगलाल यादव, वीर सिंह शर्मा, ईश्वर चंद्र शर्मा, चमरू शर्मा सहित 58 लोगों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन अंचलाधिकारी कंदवा को सौंपा गया है। आवेदन पत्र में जिक्र किया गया है कि मौज धनगामा खाता नंबर 142, खेसर 423, रखवा 98 डिसमिल जमीन पर 1957 से विद्यालय स्थापित होकर संचालित हो रहा है। ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय धनगामा के मामले को उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कमेटी के द्वारा जांच करने की मांग किया है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय धनगामा के सह उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय धनगामा प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहम्मद शाहबाज आलम ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा विद्यालय का जमीन संबंधित कागजात मांग किया गया। जिसमें विद्यालय के कार्यालय में किसी प्रकार का अभिलेख प्राप्त नहीं है।

# समाचार पत्रों ने की न्यूज़ प्रिंट पर से जीएसटी हटाने की मांग

नई सोच एक्सप्रेस



**» समाचार पत्रों के समक्ष अस्तित्व के संकट को लेकर नई दिल्ली में होगा राष्ट्रीय सम्मेलन**

**रांची।** पूरे देश में समाचार पत्रों के समक्ष गहराते संकट और मौजूदा समस्याओं को दूर करने के लिए नवगठित अखिल भारतीय समाचार पत्र प्रकाशक - संपादक संघ की आज यहां रांची प्रेस क्लब में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में अखबारी कागज (न्यूज़ प्रिंट) को पूरी तरह जीएसटी से मुक्त करने की मांग की गई। इस मांग को लेकर संघ आगामी फरवरी माह में नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मेलन आयोजित करेगा और केन्द्र सरकार से इस समस्या का हल निकालने का आग्रह करेगा। बैठक में उपस्थित बिहार, झारखंड, नई दिल्ली समेत विभिन्न राज्यों के चार दर्जन से अधिक समाचार पत्रों के प्रकाशकों - संपादकों ने कहा कि आज देश के समाचार पत्र कई कठिनाइयों के दौर से गुजर रहे हैं और इन्हें दूर करने के लिए संघ निरंतर प्रयास करेगा। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार समाचार पत्र प्रकाशक - संपादक संघ की ओर से समाचार पत्रों खासकर अखबारी कागज (न्यूज़ प्रिंट) को जीएसटी से मुक्त करने और प्रिंट मीडिया के विज्ञापनों पर लगने वाले जीएसटी को पूरी तरह समाप्त करने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा। संघ की बैठक में इस मुद्दे पर सर्वसम्मति बनी कि यदि अखबारी कागज (न्यूज़ प्रिंट) पर जीएसटी को तत्काल वापस नहीं लिया जाता है तब तक प्रसार जांच की नई पॉलिसी को स्थगित रखने के साथ-साथ सरकार इसकी समीक्षा के लिए एक आयोग का गठन करे और आयोग समाचार पत्रों के समक्ष सरकार के स्तर पर उत्पन्न कठिनाइयों को दूर करने के संबंध में गहन अध्ययन कर एक प्रतिवेदन केंद्र सरकार को समर्पित करें। बैठक में प्रकाशकों ने एक स्वर से कहा कि आज हिंदी समेत सभी भाषाई अखबारों के समक्ष अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया है और इससे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा खतरा दिख रहा है। उन्होंने कहा कि यदि देश में बड़े पैमाने पर समाचार पत्रों के समक्ष बंदी की स्थिति उत्पन्न हुई तो प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से समाचार पत्रों से जुड़े एक करोड़ परिवार यानि करीब 5 करोड़ लोग प्रभावित तथा बेरोजगार हो जाएंगे। बेरोजगार होने वाले में प्रखंड, अनुमंडल, जिला तथा राज्य स्तर पर कार्यरत पत्रकारों के अलावा अखबार के वितरण कार्य में लगे हॉकर तथा एजेंट भी शामिल होंगे। इससे देश की अर्थव्यवस्था पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा और पूरे देश के समक्ष बेरोजगारी को लेकर अलग तरह का बड़ा संकट उत्पन्न हो जाएगा। इसके साथ 6 वर्षों से विज्ञापन दर को संशोधित करने के मामले को लंबित रखे जाने के समाधान किए जाने पर जोर दिया गया। संघ की ओर से कहा गया है कि अखबारी कागज, स्याही, मुद्रण में प्रयुक्त होने वाली अन्य सामग्रियों पर जीएसटी लागू किए जाने से अखबार प्रकाशन की लागत में काफी वृद्धि हुई है जबकि दूसरी ओर डीएवीपी का विज्ञापन दर पिछले 6 वर्षों से संशोधित नहीं किया गया है। गौरतलब है कि डीएवीपी (अब केंद्रीय संचार ब्यूरो) की ओर से प्रत्येक 3 वर्ष पर विज्ञापन दर संशोधित करने की परंपरा रही है। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 10 फरवरी को नई दिल्ली के प्रेस क्लब ऑफ इंडिया या कांस्टीट्यूशन क्लब में समाचार पत्र प्रकाशकों - संपादकों का एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें समाचार पत्र उद्योग की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा होगी और इस सिलसिले में समस्याओं के समाधान के लिए संघ का शिष्टमंडल प्रधानमंत्री, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, सूचना एवं प्रसारण सचिव, केंद्रीय संचार ब्यूरो और प्रेस इनफॉरमेशन ब्यूरो के महानिदेशक तथा भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक से मिलकर समाचार पत्र उद्योग के समक्ष उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए विचार - विमर्श और आग्रह करेगा। बैठक में सभी प्रकाशकों और संपादकों की आशंका थी कि यदि समाचार पत्र उद्योग पर गहराते संकट को दूर करने के लिए अपेक्षित कदम नहीं उठाए गये तो लोकतंत्र के चौथा स्तंभ का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। बैठक में कमल किशोर, रजत गुप्ता, अशोक कुमार, प्रेम शंकर, विनय कुमार, श्रीराम अम्बष्ट, विनय वर्मा, राहुल सिंह, रोहित दत, देवन राय, संजय पोद्दार, नित्यानंद शुक्ला, एस एम खुर्शीद, सम्पूर्णानंद भारती, सौरभ सिंह, अविनाश चन्द्र ठाकुर, नवल सिंह, मधुकर सिंह, मो रहमतुल्लाह, संतोष पाठक, मुस्तकीम आलम, अनश रहनुमा समेत बड़ी संख्या में प्रकाशक - सम्पादक उपस्थित थे।

## हरियाली योजना के तहत जिला पदाधिकारी ने बियर बांध का किया निरीक्षण

नई सोच एक्सप्रेस



**गया।** जिला पदाधिकारी डा त्याग राजन एस एम ने इमामगंज प्रखंड पहुंचकर जल जीवन हरियाली योजना के तहत आहर पोखर का निरीक्षण किया जिनमें मुख्य रूप से लावाबार बांध एवं कोठी बियर बांध का निरीक्षण किया। लावाबार बांध निरीक्षण के दौरान लघु सिंचाई के पदाधिकारी ने बताया कि यह लावाबार बांध बियर मोरहर नदी पर बनी है, मोरहर नदी पूरी तरह पहाड़ के पानी पर आश्रित है, जिससे इस क्षेत्र के किसान अपने खेत को सिंचित करते हैं, मोरहर नदी की चौड़ाई लगभग 200 मीटर है। इस पर लावाबार बांध का निर्माण 5 किलोमीटर तक किया गया है। लावाबार बांध से 1200 हेक्टेयर का पटवन होगा जिसमें मुख्य रूप से पांच गांव यथा लावाबार, सोबड़ी, रोंडा, लोकनाचक एवं झरहा पथरा गांव के किसान विशेष रूप से अपने खेतों को संचित करेंगे। वहीं जिला पदाधिकारी द्वारा कोठी बियर सिंचाई परियोजना का निरीक्षण किया गया। बताया जाता है कि यह कोठी गांव बीकोपुर पंचायत इमामगंज में मोरहर नदी पर बनी है। नदी की चौड़ाई 200 मीटर है साथ ही पाइन की लंबाई 10 किलोमीटर है। इस पाइन से 1700 हेक्टेयर का पटवन होता है। इस पाइन से लगभग 11 गांव से ऊपर की खेती सिंचित होती है, जिनमें मुख्य रूप से कोसमाही, देवरिया, बाराकला, निमी, अकाउना, तेतरिया, डुमरी, यमुना, पाती, बतसपुर एवं मनियावा गांव शामिल हैं। जिला पदाधिकारी ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर लोगों को अस्वस्थ कराया की लावावर पाइन एवं कोठी बियर मे बांध का निर्माण हेतु लघु जल संसाधन विभाग को प्रस्ताव तैयार करने के लिए भेजी जा रही है। इसके अलावा कोठी सलैया इमामगंज सड़क की चौड़ीकरण का भी प्रस्ताव विभाग को भेजी जा रही है ताकि लोगों के आवागमन को और सुचारू एवं सुविधा युक्त बनाया जा सके।

## पंचदेवरी में 40 बिजली उपभोक्ताओं का कटा कनेक्शन, ससमय बिजली बिल नहीं जमा करने पर जेई ने की कार्रवाई

नई सोच एक्सप्रेस



**पंचदेवरी।** बुधवार को स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में दो हजार से अधिक के बिजली बकायदारों का कनेक्शन काट दिया गया। पंचदेवरी जेई राजेश कुमार ने बताया कि उपभोक्ताओं को ससमय बिजली बिल जमा करने की बार-बार अपील करने के बावजूद भी बिजली उपभोक्ता ससमय बिजली नहीं जमा कर पाए, जिस कारण उनका बिजली कनेक्शन काट दिया गया है, उन्होंने बताया कि वैसे उपभोक्ता जिसका बिजली कनेक्शन दो हजार से अधिक बकाया है, उनका बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। विभागीय आदेश के आलोक में बिजली उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है, ताकि लोग ससमय अपना बिजली का बकाया भुगतान कर सके। मौके पर पंचदेवरी जेई राजेश कुमार, एसडीओ अक्षय कुमार सिंह, ज्ञानेश्वर कुमार,टुनटुन प्रसाद विनय कुमार,फिरोज अंसारी,मनोज राय,अखिलेश कुमार, उमाशंकर साह सहित अन्य बिजली कर्मी मौजूद थे।

## 29 वीं वाहिंनीं एस.एस.बी ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन



नई सोच एक्सप्रेस

**गया।** 29 वीं वाहिंनीं एस.एस.बी डी' समवाय सलैया के कार्यक्षेत्र फुलवरिया गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।आयोजन के तहत वाहिंनीं के चिकित्सक द्वारा ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच एवं जरूरतमंद लोगों को दवाइयों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और स्वास्थ्य जाँच का लाभ प्राप्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 74 ग्रामीणों में 32 पुरुष 38 महिला और 04 बच्चे का उपचार किया गया एवं आवश्यक दवाई वितरित की गई। बताया जाता है कि 29वीं वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल के द्वारा लोगो के कल्याण हेतु समय-समय पर वाहिनीं के कार्यक्षेत्र में मानव चिकित्सा शिविर एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता रहा है जिसमें जरूरतमंद ग्रामीणों को मदद किया जाता है। इस कार्यक्रम में एस.एस.बी के बल कार्मिको और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया I

## अच्छी क्रेडिबिलिटी वाले जीविका समूह के सदस्य उठा सकेंगे लखपति दीदी स्कीम का फायदा

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद।** जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय के निर्देशानुसार अग्रणी जिला कार्यालय में अग्रणी जिला प्रबंधक रविन्द्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में पी.एन.बी एवं जीविका की बैठक का आयोजन किया गया। जहानाबाद जिले के पी.एन.बी में जीविका के लगभग 3040 खातों का क्रेडिट लिंकेज किया गया है। जिसकी राशि लगभग 86 करोड़ है। इस बैठक में भाग लेने के लिए पी.एन.बी.के छह शाखाओं मोदनगंज, घोसी, नोआवां, सुखियावां, सोनवाँ, उत्तर सेरथु के प्रबंधक सभी ब्लॉक के बी.पी.एम. जीविका एवं जिले के डी.पी.एम.जीविका अनीता कुमारी, उपस्थित थे। इसके अलावा जीविका से जिला के सूक्ष्म वित्त प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी, संजीव कुमार एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। इस बैठक में जीविका के तहत लक्ष्य एवं उसकी प्राप्ति के ऊपर चर्चा की गई। उसमें तेजी कैसे लाई जाये ? इस पर भी चर्चा हुई। इस बैठक में जीविका के स्कीम में जो खाते एन.पी.ए. हो गए हैं, जिसकी राशी लगभग 40 लाख है। उसकी रिकवरी में सहयोग की बात की गई। जहानाबाद जिले में हमारी बैंक में जीविका के कुल 475 खातों का लिमिट एन्हांसमेंट होना है तथा जीविका के तहत 22 खातों का फ्रेश क्रेडिट लिंकेज होना है। जिसे की 31.03.2025 तक डिसबर्स करने के लिए बैंक एवं जीविका के अधिकारियों को एक दूसरे को सहयोग करने के लिए बोला गया है। इसके अलावा लखपति दीदी स्कीम के तहत जीविका दीदियों को जिनको की रोजगार के लिए ज्यादा पैसे की आवश्यकता है। उनको लाभ दिलवाने की बात कही गई। लखपति दीदी स्कीम के तहत जीविका के उन सदस्यों को लोन दिया जाएगा। जिनकी स्वयं सहायता समूह में अच्छी क्रेडिबिलिटी होगी और जो समूह मैच्योर हो चुका होगा उनके सदस्य ही इसका लाभ उठा सकेंगे। इस स्कीम में यदि खाता रेगुलर होगा तो 9.50 लाख लोन तक 2% तक इंटरेस्ट सबवेंशन का फायदा मिलेगा अर्थात ऋण पर 7.85 का ब्याज लगेगा। हमारे बैंक इस स्कीम में ऐसे समूह के सदस्यों को भी ऋण देगा जो दूसरे बैंको से खाता चला रहे हैं। इसके अलावा सभी प्रबंधकों एवं जीविका के अधिकारियों से सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत अधिक से अधिक लाभुकों का एनरोलमेंट सुनिश्चित करने के लिए भी बोला गया।इस बैठक में भाग लेने पी.एन.बी. मंडल कार्यालय गया से कृषि अधिकारी जीविका नोडल अधिकारी किशोर एवं पी.एन.बी के कृषि अधिकारी भी उपस्थित थे।

## विधान पार्षद एवं महापौर के द्वारा आयोजित दही चुरा सह भोज में शामिल हुए हजारों कार्यकर्ता

नई सोच एक्सप्रेस



**कटिहार।** विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल एवं महापौर उषा देवी अग्रवाल के आवास पर मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर आयोजित दही चुरा सह भोज का आयोजन किया गया मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित भोज में जिले भर के तमाम राजनीतिक दल के पदाधिकारी,त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि, नगर निगम एवं नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि,कार्यकर्ता एवं समर्थक हजारों की संख्या में शामिल होकर एक दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल एवं महापौर उषा देवी अग्रवाल ने आए हुए आगंतुक को सम्मान बैठे हुए भोजन कराया और सभी को सम्मान के साथ सम्मान पूर्वक वार्तालाप किया। दिनभर सेल्फी फोटो सेशन का सिलसिला भी जारी रहा। इस अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सह विधायक तार किशोर प्रसाद, पूर्व जदयू सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय,भाजपा नेता चंद्रभूषण ठाकुर,सीमा झा, दिलीप वर्मा, उपमेयर मंजूर खान सहित बड़ी संख्या में जिले के गण्यमान्य लोगों ने भाग लिया। राहत संस्था के प्रोजेक्ट डायरेक्टर नेहाल अख्तर, सचिव डॉक्टर फरजाना ने इस अवसर पर विधान पार्षद अशोक अग्रवाल,पूर्व उपमुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद, पूर्व सांसद दुलाल गोस्वामी को बुके एवं डायरी, कलम देकर अभिनंदन किया।

## सावधान -शराब सेवन से कैंसर का खतरा

नई सोच एक्सप्रेस



**फतुहा।** कैंसर का सबसे बड़ा कारण मंदिर का पान बताया गया है। हिदायत में कहा गया है कि चाहे शराब सेवन किसी भी प्रकार हो इससे कम से कम सात प्रकार के कैंसर (स्तन कोलोरेक्टम, ग्रास -नली, यकृत, मुंह और गला और स्वर यंत्र ) का खतरा बढ़ जाता है। अमेरिका में स्तन कैंसर 16.4% मामले शराब सेवन की वजह से हो रहे हैं। परामर्श प्रपत्र में चेतावनी दी गई है कि स्तन, मुंह और गले जैसे कुछ कैंसर के लिए जोखिम प्रतिदिन एक पैग उससे भी कम के शराब सेवन से पैदा हो जा सकता है, यहां तक की शराब थोड़ी मात्रा भी लिवर सिरोसिस जैसी विकट बीमारियों के कारण बन सकती है। हालांकि किसी व्यक्ति में दारु पीने से कैंसर होने का जोखिम कई जैविक पर्यावरणीय और सामाजिक कारकों पर भी निर्भर करता है। यह निष्कर्ष वैज्ञानिक साक्ष्यों व्यवस्थित मूल्य पर आधारित है। शराब सीधे तौर पर कई बीमारी तथा सकंट के लिए जिम्मेदार है।सड़क दुर्घटना के पीछे दारू पीकर गाड़ी चलाना बहुत हद तक तक जिम्मेदार है। विभिन्न देशों द्वारा विचाराधीन चेतावनी लेवल कई प्रकार के हैं। स्वास्थ्य के लिए सामान्य नुकसान अत्यधिक उपयोग और दुरुपयोग के नुकसान और विशिष्ट समूह( कम उम्र वाले, गर्भवती महिलाएं आदि आधारित संदेश)। 2019 में भारत में अधिकांश तक सामान्य चेतावनी छापना अनिवार्य कर दिया था, जिसमें लिखा रहता है हॉट लिकर ( शराब) का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और कम अल्कोहल वाले पेय पदार्थों पर सुरक्षित रहें। शराब पी कर गाड़ी न चलाएं। चेतावनी लेवल के अलावा भारत में शराब के विज्ञापनों पर प्रतिबंध है। समाचार पत्र रेडियो और टेलीविजन में शराब के विज्ञापन पर प्रतिबंध है। स्वास्थ्य संबंधित चेतावनी के अलावा राजमार्गों पर शराब बिक्री के नियम कम उम्र के उपभोक्ताओं को शराब की बिक्री पर अंकुश लगाना और शराब पीकर गाड़ी चलाने जैसी यांत्रिक उपायों को और अधिक शक्ति से लागू करने की आवश्यकता है। बताया जाता है कि 80 प्रतिशत से ज्यादा शराब पीने के कारण ही सड़क दुर्घटनाएं होती है। ड्राइवर द्वारा शराब का इस्तेमाल करने पर किसी प्रकार का अंकुश नहीं लगाई जाती है। गाड़ी चालक पर शराब पीने पर अंकुश लगा दी जाए तो 80% से ज्यादा दुर्घटनाएं रुक जाएगी।

# पूर्वोत्तर की चिंताओं पर केन्द्र को गौर करना चाहिए

केंद्र को पूर्वोत्तर की चिंताओं पर गौर करना चाहिए। उचित यह होगा कि चीन से इस मुद्दे पर सीधी बात की जाए। चीन भी नदी जल बंटवारे संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधियों से बंधा हुआ है। उससे इस बारे में ठोस आश्वासन मांगा जाना चाहिए। चीन के ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने के एलान से पूर्वोत्तर भारत, और यहां तक कि बांग्लादेश में भी चिंता पैदा हुई है। आशंका है कि कभी हादसा होने से बांध टूटा, तो पूरा पूर्वोत्तर डूब जाएगा। साथ ही तनाव के हालात में चीन ब्रह्मपुत्र पानी भी रोक सकता है। ब्रह्मपुत्र नदी चीन में यारलुंग सांगपो नाम से जानी जाती है। अरुणाचल प्रदेश में इसे सियांग नाम से जाना जाता है। असम पहुंचने पर उसका नाम ब्रह्मपुत्र हो जाता है। ब्रह्मपुत्र की कुल लंबाई करीब 2,880 किलोमीटर है। इसका 1,625 किलोमीटर हिस्सा चीन के तिब्बत में है। भारत में 918 और बांग्लादेश में 337 किमी इलाके में ये नदी बहती है। पर्यावरणविदों ने ध्यान दिलाया है कि चीन की ओर से अतिरिक्त पानी छोडऩे की वजह से हाल के वर्षों में अरुणाचल में तीन बार भयावह बाढ़ आ चुकी है। इसके अलावा इलाके में पहले कई अन्य प्राकृतिक आपदाएं हो चुकी हैं। वर्ष 2000 में यारलुंग सांगपो की सहायक नदी ईगोंग सांगपो में भूकंप के कारण बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ था। इससे अरुणाचल प्रदेश और असम में भयावह बाढ़ आई, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हुआ। ऐसी घटनाएं बाद में भी हुई हैं। इस कारण ताजा खबर आने के बाद से पूरे इलाके में चिंता गहराने की खबरें हैं। अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा है कि चीन बीते कई वर्षो से अरुणाचल से सटे सीमावर्ती इलाकों में बड़े पैमाने पर आधारभूत ढांचे का निर्माण कर रहा है। उन्होंने इस मुद्दे पर बातचीत की जरूरत बताई। केंद्र सरकार को ऐसी चिंताओं पर तुरंत गौर करना चाहिए। अब चूंकि चीन से द्विपक्षीय वार्ता फिर शुरू हो चुकी है, इसलिए उचित यह होगा कि चीन से इस मुद्दे पर सीधी बात की जाए। चीन भी नदी जल बंटवारे संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधियों से बंधा हुआ है। उससे इस बारे में ठोस आश्वासन मांगा जाना चाहिए। भारत सरकार के लिए उचित होगा कि वह अंतरराष्ट्रीय संधियों के उपयुक्त प्रावधानों का उल्लेख इस सिलसिले में करे। संभव हो, तो बांग्लादेश को भी शामिल कर त्रिपक्षीय वार्ता के लिए पहल की जानी चाहिए।

# आप के लिए चुनौतियां कठिन

दिल्ली विधानसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है। यहां मतदान 5 फरवरी को होगा और नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। वैसे चुनाव कार्यक्रम घोषित होने से काफी पहले ही चुनाव अभियान चरम पर पहुंच चुका था। 2014 के बाद दिल्ली की राजनीति आप बनाम भाजपा के बीच दो ध्रुवीय हो गई है। इसके पूर्व भाजपा और कांग्रेस ही मुख्य पार्टियां होती थीं। 2013 से कांग्रेस का पतन आरंभ हुआ और पिछले दो विधानसभा चुनाव से वह शून्य पर है। भाजपा भी 1998 से सत्ता से बाहर है। भाजपा सत्ता में आना चाहती है तो कांग्रेस भी दिल्ली की मुख्यधारा में वापसी की कोशिश में है। प्रश्न है कि क्या इस बार पिछले दो विधानसभा चुनावों से अलग परिणाम आएगा? क्या सत्ता परिवर्तित होगी? क्या दिल्ली की राजनीति तीन ध्रुवीय होगी? पिछले चुनाव तक कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व की नीति किसी तरह भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सत्ता में आने से रोकना था। इसके लिए वह हर तरह का समझौता कर रही थी। लोक सभा चुनाव में आप के साथ सीटों पर समझौता भी हुआ। कांग्रेस ने रणनीति बदली और वाकई दिल्ली में बने रहने के लिए संघर्ष कर रही है। बावजूद कुछ समय पूर्व लगता था कि आप तीसरी बार एकपक्षीय जीत प्राप्त कर सकती है। चुनाव या किसी संघर्ष में प्रतिद्वंद्वी को पराजित करने का सबसे बड़ा सूत्र आक्रामक होना है यानी आक्रामक होकर प्रतिद्वंद्वी को उत्तर देने तक सीमित रख दीजिए। केजरीवाल ने लगातार ऐसी घोषणाएं कीं जिससे भाजपा के सामने उत्तर देने का विकल्प दिखता था। भाजपा और कांग्रेस, दोनों केजरीवाल की घोषणाओं का तथ्यात्मक खंडन करती रहीं, उनकी विसनीयता को भी अतीत के आधार पर प्रश्नों के घेरे में लाती रहीं लेकिन ऐसा नहीं था कि एजेंडा भाजपा तय कर रही हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव मैदान में उतरने तथा उम्मीदवारों की सूची जारी होने के साथ स्थिति बदलती दिख रही है। केजरीवाल की सबसे बड़ी ताकत मुफ्त की घोषणाएं रही हैं। इस बार उनका सबसे बड़ा दांव मंदिरों के पुजारियों और गुरु द्वारों के ग्रंथियों को 18 हजार रुपया मासिक वेतन देने की घोषणा है। इसके पहले महिला सम्मान योजना 2100 रुपया तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए निएवं सार्वजनिक अस्पतालों में निशुल्क उपचार की संजीवनी योजना घोषित की। इस समय मुस्लिम मतदाताओं की राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस का समर्थन करने की प्रवृत्ति उभरी है। कांग्रेस की आक्रामकता देखकर आप को लग रहा है कि दिल्ली के 11-12 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता उसके पास गए तो समस्या बढ़ जाएगी। दूसरे, केजरीवाल को समझ आ गया है कि देश में हिन्दुत्व राजनीति का मुख्य निर्धारक विचारधारा के रूप में बना रहेगा। इसका ध्यान रखते हुए उन्होंने पुजारियों और ग्रंथियों के वेतन की घोषणा कर दी तथा भाजपा द्वारा प्रश्न उठाने के बाद कहा कि वह बताए कि इसके पक्ष में है या नहीं? वे पुजारियों और ग्रंथियों को वेतन देना चाहते हैं, या नहीं? यह ऐसा प्रश्न था जिसका स्पष्ट उत्तर देना किसी भी पार्टी के लिए कठिन है। केजरीवाल के बोलने, लोगों को लुभाने की चतुर शैली का उत्तर किसी पार्टी के लिए देना कठिन रहा है। भाजपा का पुजारी प्रकोष्ठ दिल्ली में अत्यंत सक्रिय है, और उनके कारण पार्टी की ताकत भी बढ़ी है। केजरीवाल ने इसी पर चोट करने के रणनीति अपनाई और नहीं कहा जा सकता कि इसका असर नहीं हुआ। लालच किसी को भी डिगा सकता है। इमामों को 18 महीने से वेतन न मिलने का मामला भले ही कांग्रेस या दूसरे विरोधियों के लिए केजरीवाल को कठघरे में खड़ा करने का आधार हो, आप हिन्दुत्व समर्थकों के बीच संदेश देने की रणनीति अपना रही है कि हम घोषणा के बावजूद उनको वेतन दे नहीं रहे और केवल पुजारियों और ग्रंथियों को देंगे। सार्वजनिक रूप से न बोलते हुए भी जमीन पर ऐसा प्रचार देखा जा सकता है। भाजपा शायद इस रणनीति को आरंभ में नहीं समझ पाई। बावजूद आप और केजरीवाल के लिए यह चुनाव 2015 और 2020 से गुणात्मक रूप से काफी भिन्न और बड़ी चुनौतियों वाला है। भाजपा ने जैसे उम्मीदवार उतारे हैं, उनसे पिछले दो विधानसभा चुनावों के विपरीत लगता है कि वह जीतने के लिए लड़ रही है। केजरीवाल के विरुद्ध प्रवेश वर्मा तथा मुख्यमंत्री आतिशी के विरुद्ध रमेश बिधूड़ी को उतारना इसका प्रमाण है। कांग्रेस की ओर से संदीप दीक्षित केजरीवाल को चुनौती दे रहे हैं, और पार्टी ने अच्छे उम्मीदवार उतारे हैं यानी दोनों पार्टियां केजरीवाल को किसी भी तरह पराजित करना चाहती हैं।

# भारत के लिये खतरा है पाक-बांग्लादेश की नजदीकियां



आरती कुमारी

बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से लगातार भारत विरोधी गतिविधियों एवं कारगुजारियों एवं षडयंत्रों में संलग्न है, लगता है पाकिस्तान के शह पर बांग्लादेश का भारत विरोधी रवैया बढ़ रहा है। बांग्लादेश में लगातार भारत विरोधी मुहिम व अल्पसंख्यक हिन्दुओं एवं हिन्दू धर्मस्थलों पर हिंसक हमलों के बाद अब भारत सीमा पर बाड़बंदी को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा किया जा रहा है। जबकि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बनने के बाद बड़े हिस्से पर बाड़बंदी हो चुकी है। लेकिन टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों की आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। बांग्लादेश भारत की शांति व सद्भाव की कामना एवं सहनशीलता को उसकी कमजोरी न माने, ऐसी भूल बांग्लादेश के लिये बहुत भारी पड़ सकती है। दोनों देशों की शांति, सद्भावना एवं सौहार्द के लिये किसी तीसरे देश के दखल को बढ़ने न दिया जाये। 2015 में शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ढाका पहुंचे। यहां दोनों नेताओं ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। इसे लैंड बाउंड्री एग्रीमेंट कहते हैं। इसी के अन्तर्गत भारत ने अब तक 3271 किलोमीटर सीमा कर बाड़बंदी कर दी है। अब केवल 885 किलोमीटर खुली सीमा की बाड़बंदी बाकी है। भारत बचे इलाके की बाड़बंदी कर रहा है लेकिन बांग्लादेश भारत की कोशिशों में अड़ंगा डाल कर दोनों देशों के बीच हुए समझौते को नकार रहा है। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर विरोध व्यक्त किया तो इसके जवाब में भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की और बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नूरूल इस्लाम को तलब कर अपना विरोध जताया। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है। सीमाओं के खुले रहने से बांग्लादेश से लगातार अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, ड्रग स्मगलिंग, नकली नोटों का कारोबार और आतंकवादी गतिविधियां लगातार हो रही हैं। विशेषतः पाकिस्तान अब अपनी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिये बांग्लादेश का उपयोग कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश की युनूस सरकार पाकिस्तान के इशारों पर पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। निश्चित ही पाक से उसकी नजदीकियां लगातार बढ़ी हैं और वहां पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है, ऐसी जटिल होती स्थितियों में भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए एवं अपनी सीमाओं को सुरक्षित बनाना ही चाहिए। पाकिस्तान पंजाब, जम्मू-कश्मीर व नेपाल के रास्ते आतंकवादियों को भारत भेजने की कोशिशें लगातार करता रहा है, अब उसने बांग्लादेश को भी इन गतिविधियों के लिये चुना है एवं बांग्लादेश से लगी भारत की खुली सीमा का दुरुपयोग कर रहा है तो भारत को सतर्क एवं सावधान होना ही चाहिए। पाकिस्तान से लगती सीमा पर तमाम चौकसी के बाद भी सीमा पार से जिस तरह जब-तब आतंकियों की घुसपैठ होती रहती है, वह गंभीर चिंता की बात है। जब पाकिस्तान से लगती सीमा भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है, तब यह शुभ संकेत नहीं कि बांग्लादेश से लगी सीमा भी भारत के लिए चिंता का कारण बने। बड़ी सच्चाई है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है। भारत की उदारता को बांग्लादेश हमारी कमजोरी न मान ले, इसलिए उसे बताना जरूरी है कि भारत से टकराव की कीमत उसे भविष्य में चुकानी पड़ सकती है। यह भी कि संबंधों में यह कसैलापन, दौगलापन एवं टकराव लंबे समय तक नहीं चल सकता। उसकी यह कटुता उसके लिये ही कालांतर घातकएवं विनाशकारी साबित हो सकती है। यह विडंबना ही है कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है, दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका को साफ-साफ देख जा रहा है। जबकि शेख हसीना शासनकाल में भारत और बांग्लादेश के संबंध सामान्य थे तो भारत बांग्लादेश को विश्वास में लेकर बाड़बंदी कर रहा था लेकिन अब यूनुस सरकार लगातार उकसाने वाली कार्रवाई कर रही है। उसने पाकिस्तानियों का बांग्लादेश में प्रवेश आसान कर दिया है तो पाक के बांग्लादेश को भारत विरोधी प्लेटफॉर्म के रूप में इस्तेमाल करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी के चलते बांग्लादेश की भारत विरोधी बयानबाजी और कारगुजारी से दोनों देशों के संबंधों में जबरदस्त कड़वाहट आ चुकी है। बावजूद इसके गत दिसम्बर में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने अपनी ढाका यात्रा के दौरान बांग्लादेश को आश्वस्त किया था कि भारत उसका दोस्त बना हुआ है और व्यापार, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के मामलों में रिश्ते पहले की तरह बरकरार रहेंगे। उस समय ऐसा लगा था कि दोनों पक्षों ने सीमा पर स्थिति को शांत कर लिया है। यूनुस सरकार ने भारत विरोधी तत्वों को न केवल हवा दी है बल्कि उनको उग्र कर दिया है। जेल में बंद कई भारत विरोधी तत्वों को बेल दे दी गयी है, ये ही तत्व भारत में अस्थिरता फैलाने की साजिश रच रहे हैं। लिहाजा भारत के लिये बॉर्डर पर घेराबंदी अत्यावश्यक हो गयी है। राजनीतिक आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह के चलते यूनुस सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को निपटाने एवं धुंधलाने की कोशिशों में लगी हुई है। कट्टरपंथी तत्व जनाक्रोश के चलते अपनी सुविधा का मुहावरा गड़ने का प्रयास कर रहे हैं। भारत में पहले से ही लाखों बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं लेकिन ढाका द्वारा आतंकवादियों और दोषी ठहराए गए इस्लामी कट्टरपंथियों की रिहाई के बाद भारत द्वारा बॉर्डर पर कंटीले तारों को लगाने की कोशिश का बांग्लादेश सरकार द्वारा कड़ा विरोध दर्शा रहा है कि पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश भी भारत में अस्थिरता, अशांति एवं अराजकता फैलाना चाहता है। बांग्लादेश बाड़ लगाने के समझौते का सम्मान करने के बजाय उसकी समीक्षा करने की बात करके उसमें रौड़ा अटकाना चाह रहा है। वह उन स्थानों पर कंटीले तारों वाली बाड़ लगाने का खास तौर पर विरोध कर रहा है, जहां से बड़े पैमाने पर घुसपैठ और तस्करी होती है और यही से आतंकवादी गतिविधियों को संचालित करने की संभावनाएं हैं। इसके कुछ पुष्ट प्रमाण भी मिले है। इस संदर्भ में बांग्लादेश वैसे ही कुतर्क एवं बेतूके तथ्य प्रस्तुत कर रहा है, जैसे सीमा सुरक्षा के भारत के प्रयत्नों पर पाकिस्तान करता रहता है। हैरानी नहीं कि यह बांग्लादेश से पाकिस्तान की हालिया नजदीकी किसी बड़ी दुर्घटना या आतंकी हमले का सबब बन जाये। भारत इसकी अनदेखी नहीं कर सकता। भारत को यह देखना होगा कि कहीं ये दोनों देश मिलकर उसके खिलाफ कोई ताना-बाना तो नहीं बुन रहे हैं? निश्चित रूप से पिछले दिनों बांग्लादेश से रिश्तों में जिस तरह से अविश्वास एवं कडवाहट उपजी है, उसके चलते भारत अपनी सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकता। भारत के लिए यही उचित है कि वह पाक-बांग्लादेश के संभावित गठजोड़ से सावधान रहे। भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए। बीएसएफ और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश यानी बीजीबी में कई बार बातचीत के बाद बाड़बंदी मुद्दे पर सहमति बन चुकी है। लेकिन बांग्लादेश भारत की सदाशयता एवं उदारता के बावजूद टकराव के मूड में नजर आता है। ऐसा ही रवैया उसका अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी रहा है, जिस बारे में वह अब दलील दे रहा है कि हालिया बांग्लादेश में हिन्दुओं से जुड़ी हिंसक घटनाएं सांप्रदायिक नहीं बल्कि राजनीतिक कारणों से हुई हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका हो। जिस बांग्लादेश को पाकिस्तानी क्रूरता से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत ने तमाम कुर्बानियों के बाद जन्म दिया, उसका यह रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण कहा जाएगा।

# महाराष्ट्र में अमित शाह की विशाल रैली के बाद मची राजनैतिक हलचल

अशोक भाटिया, मुंबई

शिरडी में अमित शाह की विशाल रैली ने दिखाया कि भाजपा ने आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में शिंदे की शिवसेना और अजीत पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर जाने का फैसला किया है। भारतीय जनता पार्टी का राज्य स्तरीय सम्मेलन शिरडी में आयोजित किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की और विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने राजनीति को दबाव देते हुए कहा कि असली शिवसेना और असली एनसीपी की जीत हुई है। शाह ने बीएमसी चुनावों में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शिरडी में अपने भाषण में शिवसेना नेताओं उद्धव ठाकरे और शरद पवार पर कटाक्ष किया था। क्योंकि इन दोनों पार्टियों ने बीजेपी को सत्ता से बाहर रखने के लिए खतरनाक चाल चली थी. यह अमित शाह के भाषण में परिलक्षित हुआ। अमित शाह ने शरद पवार और उद्धव ठाकरे पर तंज कसा। विपक्षी दलों की आलोचना होनी चाहिए, लेकिन पवार और ठाकरे की आलोचना करके शाह ने दिखा दिया कि महाराष्ट्र कैसे इन दो नेताओं की वजह से पिछड़ गया है. पवार ने इतने वर्षों तक देश में मंत्री के रूप में कार्य किया लेकिन किसान आत्महत्याओं को नहीं रोक सके। ठाकरे के साथ भी ऐसा ही हुआ। ठाकरे ने कहा कि भाजपा ने भाजपा की पीठ में छुरा घोंपा है। भाजपा, शिंदे और अजीत पवार ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में अभूतपूर्व जीत हासिल की। शाह ने पवार और ठाकरे की पार्टियों को खारिज करने के लिए महाराष्ट्र के लोगों को धन्यवाद दिया। शाह ने कहा कि ध्यान चुनावों पर है और उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से इसके लिए कड़ी मेहनत करने का आग्रह किया। भाजपा का नारा पंचायत से संसद तक है और इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह इस साल के स्थानीय निकाय चुनावों से सच होगा। शाह का यह बयान कि यह भाजपा के इतिहास का सबसे बड़ा सम्मेलन है, वास्तव में वहां था। ऐसा इसलिए क्योंकि विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत से भाजपा में काफी आत्मविश्वास पैदा हुआ है और यह भाजपा के इस आयोजन में परिलक्षित हुआ। स्वागत बोर्डों, भगवा झंडों, भाजपा के नारों ने साईंनगरी को हिला दिया था और इसने समग्र वातावरण में एक भगवा जीवंत वातावरण बनाया था। शाह के भाषण ने इन सभी चीजों को प्रतिबिंबित किया और भाजपा के भविष्य की कार्रवाई का विचार भी दिया। अमित शाह ने महा विकास अघाड़ी पर निशाना साधा क्योंकि महा विकास अघाड़ी एक घरेलू गठबंधन है। इस गठबंधन के तीनों दल एक-दूसरे पर पॉटशॉट लेने में लगे हुए हैं और वे इसे खो चुके हैं। गांव में भी नहीं। भाजपा और कांग्रेस में बहुत बड़ा अंतर है। पहले कांग्रेस के नेता और राज्यों के मुख्यमंत्री कांग्रेस की रैलियों में जयकार करते थे। कार्यकर्ताओं में होड़ लगी थी और इसलिए सभी नेता व पदाधिकारी वरिष्ठों की चाटुकारिता में व्यस्त थे। मैं अब उस तस्वीर को नहीं देखता। इसके विपरीत सभी नेताओं-विधायकों के साथ-साथ सांसदों ने मुख्यमंत्री फडणवीस की तारीफ की है क्योंकि उन्हीं की वजह से भाजपा को यह सफलता मिली है। स्थानीय निकाय चुनाव महत्वपूर्ण हैं, विशेष रूप से मुंबई, ठाणे, संभाजीनगर आदि जैसे नगरपालिका चुनाव, और अब भाजपा पूरी ताकत से सामने आएगी। इसलिए अब भाजपा का संघर्ष स्थानीय स्तर पर खेला जाएगा। शाह ने विपक्ष, शरद पवार की एनसीपी और शिवसेना उबाथा को भी संदेश दिया है। चुनाव के बाद से ही भाजपा के लिए माहौल अनुकूल रहा है। भाजपा के पास देवेंद्र फडणवीस , चंद्रशेखर बावनकुले, आशीष शेलार, नारायण राणे, नितेश राणे की एक मजबूत टीम है। बालासाहेब के समय की शिवसेना और उद्धव के नेतृत्व वाले संगठन के बीच जमीन और सम्मान का अंतर है। उद्धव ने मुख्यमंत्री पद के लिए कांग्रेस से हाथ मिलाने की रस्सी काट दी। उद्धव ने खुद मुख्यमंत्री पद की खातिर भाजपा में जाने के लिए रस्सी काट दी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमित शाह को पार्टी प्रमुख के रूप में कार्य करना पड़ रहा है। अमित शाह का यह बयान कि दोनों दल आज नेताओं के विश्वासघात के कारण रसातल में पहुंच गए हैं, जो उनकी राजनीति से शुरू हुआ और ठाकरे ने बालासाहेब के विचारों के साथ विश्वासघात किया और बाद में उन्होंने भाजपा की पीठ में छुरा घोंपा। भाजपा को अब मुंबई और ठाणे नगर निगम और छत्रपति संभाजीनगर को जीतने की चुनौती से पार पाना होगा। यह कहना सुरक्षित है कि शाह के भाषण ने कार्यकर्ताओं को एक नया जोश और एक नया उत्साह दिया है। शाह के भाषण ने कार्यकर्ताओं को एक नया जोश और एक नया उत्साह दिया है। इसलिए भाजपा की जीत तय मानी जा रही है। बहन योजना मदद करने के लिए है। इससे कल शाह की रैली के बाद एक तस्वीर बनी कि भाजपा स्थानीय निकाय चुनाव भी जीतेगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हम तीनों के महागठबंधन में चौथे सहयोगी की जरूरत नहीं है, लेकिन हमारा महागठबंधन अंत तक महाराष्ट्र में रहेगा। दरअसल पिछले कुछ दिनों में उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे और संजय राउत ने सीएम फडणवीस के काम की तारीफ की है। मुख्यमंत्री ने कुछ ही शब्दों में स्पष्ट जवाब दिया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, 'मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों का उत्तराधिकारी हूं। यह पूछे जाने पर कि क्या उद्धव गुट मुख्यमंत्री के काम की प्रशंसा कर रहा है, उन्होंने कहा, "कुछ प्रशंसाओं को नजरअंदाज किया जाना चाहिए। आपको तारीफों के बारे में सावधान रहना होगा। अक्सर राजनीति को विभाजित करने के लिए इस तरह से प्रशंसा की जाती है। राजनीति में, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि कोई कितनी भी प्रशंसा करता है, आपके पैर जमीन पर होने चाहिए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा।क्या उद्धव ठाकरे गुट को भविष्य में महागठबंधन में शामिल करने पर विचार किया जा सकता है? इस सवाल के जवाब में कहा गया, 'हमारी तीन कुर्सियां मजबूत हैं, इसलिए हमें चौथे सहयोगी की जरूरत नहीं है। हमारा महागठबंधन मजबूत है और महाराष्ट्र में अंत तक महायुति ही रहेगा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा।उन्होंने कहा, 'हमें जो पद मिला है वह पद नहीं है, यह एक जिम्मेदारी है। मैं उत्तराधिकारियों की सूची में नहीं हूं, लेकिन मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों का उत्तराधिकारी हूं। फडणवीस ने कहा कि देश और समाज की सेवा करने की संस्कृति तब शुरू हुई जब मैं कम उम्र में आरएसएस की शाखाओं में जाता था। उधर अमित शाह द्वारा शरद पवार पर किये गए आरोपों पर शरद पवार ने गृह मंत्री अमित शाह को अपने पद की मर्यादा बनाए रखने की नसीहत दी है। दरअसल अमित शाह ने शिरडी में भाजपा के सम्मेलन में कहा था कि महाराष्ट्र में भाजपा की जीत ने 1978 में पवार के द्वारा शुरू की गई विश्वासघात की राजनीति को 20 फीट जमीन में दफना दिया है।पवार ने मंगलवार को मुंबई में कहा- इस देश ने कई बेहतरीन गृह मंत्री देखे हैं, लेकिन उनमें से किसी को भी अपने राज्य से बाहर नहीं निकाला गया। उनका इशारा सोहराबुद्दीन शेख फर्जी मुठभेड़ मामले में 2010 में शाह को 2 साल के लिए गुजरात से बाहर निकाले जाने की ओर था। 2014 में शाह को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया था।शरद पवार ने कहा कि 1978 में मैं CM था। तब राजनीति में पक्ष-विपक्ष के बीच इतनी कटुता नहीं थी। उस समय जन संघ के उत्तम राव पाटिल जैसे लोग भी मेरी मिनिस्ट्री में थे। इसके बाद जब वाजपेयी PM बने थे, तो उन्होंने मुझे आपदा मैनेजमेंट अथॉरिटी का अध्यक्ष बनाया था। मेरे विपक्ष में होने के बावजूद उन्होंने मुझे जिम्मेदारी दी थी। इंडिया गठबंधन में फूट की चर्चा पर पवार ने कहा- इंडिया गठबंधन में कभी भी स्टेट और लोकल चुनावों को लेकर कोई बात नहीं हुई थी। यह गठबंधन केवल नेशनल लेवल यानी लोकसभा चुनाव के लिए है।दरअसल, जम्मू-कश्मीर के CM उमर अब्दुल्ला ने कहा था कि लोकसभा चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन का कोई महत्व नहीं है। इसे खत्म कर देना चाहिए। शिवसेना के सांसद संजय राउत ने अब्दुल्ला के बयान का समर्थन करते हुए कांग्रेस को इसके लिए जिम्मेदार बताया था। उन्होंने कहा था कि महाराष्ट्र निकाय चुनाव हम अकेले लड़ेंगे। पवार ने पिछले दिनों RSS की तारीफ पर सफाई दी। उन्होंने कहा-वह संघ की आइडियोलॉजी का समर्थन नहीं करते हैं, बल्कि जिस तरह से उनके लोग मेहनत करते हैं, वह उनका समर्थन करते हैं।दरअसल, पवार ने 9 जनवरी को NCP(SP) कार्यकर्ताओं से कहा था कि संघ की कड़ी मेहनत की वजह से महाराष्ट्र में भाजपा और महायुति को शानदार जीत मिली थी। संघ के लोगों ने कड़ी मेहनत की और उनसे हमें सीखना चाहिए।निकाय चुनाव में गठबंधन जल्द तय करेंगे शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों में उनकी पार्टी किसी के साथ लड़ेगी या अलग, इस बारे में 8-10 दिनों में फैसला कर लिया जाएगा। इसको लेकर पार्टी के भीतर मीटिंग होगी।

## शब्द पहेली - 8374




### बाएँ से दाएँ

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

### ऊपर से नीचे

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

शब्द पहेली -8373 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore




**मेष राशिः** आज आपके लिए दिन पॉज़िटिव रहने वाला है। आज आपका पारिवारिक मामला किसी बड़े बुजुर्ग की सहायता से सुलझ जाएगा। आज नियमित कार्यों के अतिरिक्त कुछ और जानकारियां हासिल करने में भी समय बीतेगा। सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति और विचार सराहनीय रहेंगे। कुछ लोग प्रतिस्पर्धा की भावना से आपके प्रति अफवाह फैला सकते हैं।

**वृष राशिः** आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरे कर लेंगे। आज व्यवसाय में मुनाफा दायक स्थिति बन रही है। आज किसी प्रोजेक्ट को लेकर ऑफिशियल यात्रा संभव है। आज पारिवारिक व्यवस्था को लेकर विचार विमर्श करेंगे।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। आज ऑफिस में आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे आपको सफलता मिलेगी। आज कुछ खास लोगों से मुलाकात का अवसर मिलेगा और रुका काम भी व्यवस्थित होगा। आज घर परिवार संबंधी समस्याओं को सुलझाने में सफल रहेंगे। अगर आपका कहीं पैसा अटका हुआ है तो आज उसकी वसूली करने का भी उचित दिन है।

**कर्क राशिः** आज आपको किसी अपने से अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज दिन भर सकारात्मक और अनुशासित दृष्टिकोण आपको खुश रखेगा। स्वयं की सूझबूझ से लिए गए निर्णय के उचित परिणाम हासिल होंगे। विद्यार्थियों को इंटरव्यू या करियर से संबंधित क्षेत्र में सफलता मिलने की पूरी संभावना है।

**सिंह राशिः** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बिजनेस के लिए दिन अच्छा है। आज रियल स्टेट में फायदेमंद डील फाइनल हो सकती है। ऑफिस के कार्यभार की अधिकता की वजह से ओवर टाइम भी करना पड़ सकता है। घर का वातावरण मधुर और खुशनुमा बना रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ भावनात्मक नजदीकियां बनाने में आपका प्रयास जरूरी है। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है। आज आप इसकी तैयारी में व्यस्त रहेंगे। आज आप अपने जीवन में किसी प्रकार का बड़ा निर्णय लेना चाहते हैं, परंतु कुछ उलझनों के कारण आप नहीं ले पाएंगे। कविता लिखने के शौक़ीन लोगों को आगे बढ़ने का प्लेटफार्म किसी दोस्त की मदद से मिलेगा।

**तुला राशिः**आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज अच्छी खबर आपको मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे उनके मन की बातों को समझेंगे। काफी समय से आपके रिश्ते की बात चल रही थी वो जल्द पक्की होगी। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है जिसे आप निराश नहीं करेंगे। नये प्रॉजेक्ट को पूरा करने में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज आपको पिछले कुछ समय से अपने करियर और निजीवन संबंधी किए गए प्रयासों का फल मिलने का समय है। आज आपको बड़ी सफलता हाथ लग सकती है।

**धनु राशिः**आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में अपनापन बढ़ेगा। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। बच्चों के साथ आपसी लगाव बढ़ेगा। शिक्षकों के ट्रांसफर की परेशानियां खत्म होंगी। आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। इस राशि के लवमेट की गलतफहमियां खत्म होंगी।

**मकर राशिः**आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। खान-पान में लापरवाही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। कानूनी कार्यों के लिए भागदौड़ से थकावट का एहसास होगा। दांपत्य जीवन में आज एक दूसरे को समझकर चलना होगा, इससे गलत फेहमियाँ नहीं होंगी। कारोबार में सुखद बदलाव आयेगा। इस राशि के प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों को समझदारी से तैयारी करनी चाहिए।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अचानक धनलाभ होने के योग बन रहे है। जीवनसाथी के साथ में किसी बात को लेकर मीठी नोक-झोक होगी। पहले दिए हुए किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आज आपके फेवर में आएगा। आज घर के किसी महिला को बड़ी सफलता मिलने के योग हैं। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मीन राशिः**आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज आपके स्वास्थ्य में बेहतरी बनी रहेगी। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जमीन जायदाद से जुड़े कार्य प्रगति से आगे बढ़ेंगे। आज परिवार का संपत्ति संबंधित समस्या सुलझ सकता है, जिसमें आपको वरिष्ठ सदस्यों की मदद भी मिलेगी। भाई व बहनों का सहयोग मिलेगा।

# विराट और रोहित अपने भविष्य का फैसला स्वयं करें : कपिल



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देख ने कहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं और उन्हें अपने भविष्य का फैसला स्वयं करने देना चाहिये। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में खराब प्रदर्शन के बाद रोहित और विराट कोहली के भविष्य को लेकर कई प्रकार की अटकलें लगाई जा रही हैं पर कपिल के अनुसार ये मामला इनपर ही छोड़ देना चाहिये। ये दोनों इतने बड़े खिलाड़ी हैं कि अपने भविष्य का फैसला स्वयं कर सकते हैं। भारतीय टीम को अपना अगला टेस्ट इस साल जून में इंग्लैंड दौरे पर खेलना है जिसमें इन दोनो के रहने पर संदेह जताया जा रहा है। वही कपिल से जब इन खिलाड़ियों के भविष्य के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'विराट और रोहित बहुत बड़े खिलाड़ी है और खेल में अपने भविष्य का फैसला उन्हें खुद करने दीजिए। रोहित की जगह टीम में कप्तान के दावेदारों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'इस में किसी तरह का विवाद नहीं होना चाहिए, जो मौजूदा कप्तान है वह भी किसी की जगह आए थे। जो भी कप्तान हो उसे पूरा समय मिलना चाहिए। भारतीय टीम को इस दौरे पर बल्लेबाजों के साथ-साथ गेंदबाजों ने भी निराश किया। जसप्रीत बुमराह के अलावा कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाया। कपिल ने 1991-92 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 284 ओवर गेंदबाजी की थी पर बुमराह अपने अलग तरह के एक्शन के कारण जल्दी चोटिल हो गए। टीम को इस दौरे पर चोटिल मोहम्मद शमी की भी कमी खली। भारत को 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। कपिल ने अपनी गेंदबाजी से मौजूदा गेंदबाजों की तुलना करना सही नहीं समझा। उन्होंने कहा, 'खेल में तुलना करना ठीक नहीं है। दो अलग-अलग दौर के खिलाड़ियों की तुलना नहीं की जानी चाहिए। आज के दौर में खिलाड़ी एक दिन में 300 रन बना लेते है लेकिन हमारे जमाने में ऐसा नहीं होता था।

# चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद गंभीर के भविष्य पर फैसला करेगी बीसीसीआई



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अगले माह होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर को लेकर कोई फैसला कर सकती है। गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद से ही टीम का प्रदर्शन अच्छा नही रहा है। इसके साथ ही उनके टीम के अनुभवी खिलाड़ियों से मतभेद की भी खबरें हैं। माना जा रहा है गंभीर से कई खिलाड़ी खुश नहीं हैं जिससे ड्रेसिंग का माहौल भी तनावपूर्ण बना हुआ है। पिछले साल जुलाई में गंभीर के पद संभालने के बाद से ही भारतीय टीम दस में से छह टेस्ट हारी है। उसे घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-0 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा। इसके अलावा टीम का प्रदर्शन बॉर्डर गावस्कर सीरीज में भी खराब रहा और टीम 3-1 से हार गयी। सीमित ओवरों की बात करें तो उसे श्रीलंका में एक द्विपक्षीय एकदिवसीय सीरीज में हार का सामना करना पड़ा। ये भी चर्चाएं हैं कि उनकी टीम के कप्तान रोहित शर्मा से नहीं बन रही। वहीं बीसीसीआई से जुड़ी एक रिपोर्ट क अनुसार अगर भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाती तो गंभीर की स्थिति और भी कमजोर हो सकती है। उनका कोचिंग अनुबंध 2027 विश्व कप तक है पर उसकी समीक्षा जारी रहेगी। खेल में परिणाम सबसे महत्वपूर्ण होते हैं और अगर वह नहीं मिलते तो गंभीर पर दबाव बढ़ता जाएगा, ऐस में अभी जो उन्हें टीम चयन में अधिकार मिले हैं वह कम हो जाएंगे। बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया में टीम के प्रदर्शन की समीक्षा की है। इसके अलावा टीम 'कल्चर के मामले पर भी गंभीर और सीनियर खिलाड़ियों में मतभेद हैं। गंभीर सुपरस्टार कल्चर खत्म करना चाहते हैं जो इतने साल से चला आ रहा है। उनका कहना है कि सभी खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलना होगा। इससे कुछ खिलाड़ी नाराज है। दूसरी ओर सीनियर खिलाड़ियों का मानना है कि कोच की ओर से संवाद की कमी है। इन सबके बीच राष्ट्रीय चयन समिति का भी नजरिया है जो नहीं चाहती कि चयन मामलों में कोच ज्यादा हस्तपेक्ष करें। बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारी इस बात से भी नाराज है कि गंभीर का निजी सहायक ऑस्ट्रेलिया में हर जगह टीम के साथ रहा। उन्होंने कहा, 'उसका पीए राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की कार में क्या कर रहा था।

# प्रशंसकों को विराट के चैम्पियंस ट्रॉफी से फार्म हासिल करने की उम्मीद



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज पिछले काफी समय से खराब फार्म से जूझ रहे हैं। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में वह रन नहीं बना पाये। जिसके बाद से ही वह सबके निशाने पर हैं। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जिस प्रकार वह एक ही तरीके से आउट हुए उससे प्रशंसकों में बेहद निराश है। अब प्रशंसकों को उम्मीद है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से वह अपना खोया फार्म हासिल कर सकते हैं। इसका कारण है कि विराट आईसीसी टूर्नामेंटों में हमेशा सफल रहे हैं और उन्होंने जमकर रन बनाये हैं। इसमें 2023 एकदिवसीय विश्वकप हो या 2024 टी20 विश्व कप सभी में उनका बल्ला जमकर चला।

विराट ने 2008 में एकदिवसीय और 2011 में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया। इसके बाद 2019 तक वह जमकर रन बनाते रहे। केवल 2020 में पहली बार उनका औसत 40 से कम हुआ। वहीं 2020 में कोहली 3 टेस्ट मैच में 19.33 के औसत से सिर्फ 74 रन बना सके। विराट ने इसके बाद 2021 में 28.21 के औसत से 536 रन बनाये। वहीं साल 2022 में 265 रन निकले। इसके बाद 2023 में कोहली ने वापसी करते हुए 55.91 के औसत से 671 रन बनाये पर इस साल की शुरुआत से ही वह लगातार विफल होते रहे हैं। इस साल वे 24.52 के औसत से सिर्फ 417 रन बना पाते हैं। इसमें अगर एक शतक को हटा दें तो उनका आंकड़ा और भी खराब नजर आयेगा। कोहली ने एकदिवीसय मैचों में 2020 और 2021 में 40 से अधिक की औसत से रन बनाए। लेकिन 2022 का साल एकदिवसीय में भी कोहली के लिए बुरा साबित हुआ। इस साल वे 11 एकदिवसीय में 27.45.के औसत से सिर्फ 302 रन बना पाते हैं। विराट 2023 में अच्छी वापसी करते हुए टेस्ट और एकदिवसीय में भी जमकर रन बनाते हैं। इसी साल उन्होंने विश्व कप में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। कोहली ने 2023 में 27 एकदिवसीय मैचों में 72.47 की औसत से 1377 रन बनाए। उन्होंने पिछले साल टी20 विश्वकप के फाइनल में भी शानदार अर्धशतकीय पारी खेली थी।

# अपने करियर में एक बार भी शून्य पर आउट नहीं हुए कैप्लर वेसल्स



**मुम्बई।** विश्व क्रिकेट में एक से बढ़कर एक बल्लेबाज हुए हैं। जिसमें ऑस्ट्रेलिया के सर डॉन ब्रैडमेन, भारत के सचिन तेंदुलकर , वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा , पाकिस्तान के जहीर अब्बास सहित कई अन्य दिग्गज भी हैं पर इनमें से कोई भी ऐसा नहीं है जो पहले करियर में शून्य पर आउट न हुआ हो। विश्व क्रिकेट में केवल दक्षिण अफ्रीका के कैप्लर वेसल्स ही एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जो कभी भी अपने करियर में शून्य पर आउट नहीं हुए जबकि उन्होंने दो देशों से खेला। कैप्लर वेसल्स ने 11 साल के अपने करियर में 109 मैच खेले पर कभी भी शून्य पर आउट नहीं हुए। वेसल्स ने दक्षिण अफ्रीका पर प्रतिबंध के दौर में ऑस्ट्रेलिया की ओर से 1983 में पहला एकदिवसीय मैच खेला। वह साल 1983 से 1985 तक ऑस्ट्रेलिया की टीम से खेलते रहे। वहीं साल 1985 में उन्हें बाहर कर दिया गया। इसके कुछ साल बाद दक्षिण अफ्रीका पर लगा प्रतिबंध हटा लिया गया जिसके बाद वह स्वदेश लौट गये। वेसल्स ने 1991 से दक्षिण अफ्रीका की ओर से खेलना शुरु किया। साल 1994 में जब उन्होंने संन्यास लिया तब तक उन्होंने 109 एकदिवसीय मैचों की 105 पारियों में 34.35 की औसत से 3367 रन बनाए थे। इसमें एक शतक और 26 अर्धशतक शामिल थे पर वह एक बार भी खाता खोल बिना पेवेलियन नहीं लौटे। वेसल्स के अलावा आज विश्व में एक भी ऐसा बैटर नहीं है, जिसने एकदिवसीय मैचों में बिना 0 पर आउट हुए 2000 रन बनाए हो।

# लॉस एंजीलिस ओलंपिक तक खेलना चाहती है सविता पूनिया



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया ने कहा है कि अभी वह खेलना जारी रखेंगी। करीब 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी 34 वर्ष की सविता ने कहा कि अभी उनका संन्यास लेने का इरादा नहीं है और वह लॉस एंजीलिस ओलंपिक 2028 खेलना चाहती है। अबर वह फिट रहीं तो खेल का आनंद लेती रहेंगी। उन्होंने कहा, 'मैं अगला ओलंपिक खेलना चाहती हूं। मेरे माता पिता ने हमेशा मेरे फैसलों का समर्थन किया और अब शादी के बाद सास ससुर और पति भी मेरा पूरा साथ दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'अभी उनक ध्यान 2026 विश्व कप और एशियाई खेलों पर है। दोनों परिवारों ने मुझसे कहा है कि अगर मैं ओलंपिक खेलना चाहती हूं तो वे मेरे साथ है। । वहीं सविता ने कहा कि महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल ) के शुरु होने का सबसे बड़ा लाभ ये रहेगा कि जूनियर खिलाड़ियों को आर्थिक लाभ होगा जिससे अधिक से अधिक प्रतिभाएं सामने आयेंगी। महिला एचआईएल का पहला सत्र 26 जनवरी तक खेला जाएगा। सविता ने कहा, 'हर खिलाड़ी आर्थिक स्थिरता चाहता है जिससे वह परिवार की सहायता कर सके। हम लंबे समय से राष्ट्रीय टीम में हैं और जब भी हम पदक जीतते हैं तो सरकार हमें पुरस्कार देती है। उन्होंने कहा, 'लेकिन जब एक जूनियर खिलाड़ी को इतना पैसा मिलता है तो उसे किसी तरह का वित्तीय तनाव नहीं रहता। वह अपने खेल पर ध्यान दे सकती है। इससे अभिभावक भी अब निश्चिंत हो जाते हैं कि हॉकी में भविष्य है और बच्चे इसमें करियर बना सकते हैं।

## व्यापार

# शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज लगातार दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई। हालांकि बाजार खुलने के तुरंत बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से शेयर बाजार की चाल में गिरावट भी आई, लेकिन पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद ही खरीदारों ने दोबारा लिवाली का जोर बना दिया। इस लिवाली के सपोर्ट से शेयर बाजार की चाल में एक बार फिर तेजी आ गई। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.31 प्रतिशत और निफ्टी 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एनटीपीसी, मारुति सुजुकी, कोल इंडिया, बीपीसीएल और कोटक महिंद्रा के शेयर 3.14 प्रतिशत से लेकर 1.27 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, श्रीराम फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एक्सिस बैंक के शेयर 2.44 प्रतिशत से लेकर 1.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,343 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,380 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 963 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 12 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 28 शेयर हरे निशान में और 22 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 400.51 अंक उछल कर 76,900.14 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के थोड़ी देर बाद ही मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से अगले 20 मिनट के कारोबार में ये सूचकांक गिर कर 76,555.94 अंक तक आ गया। हालांकि इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 233.75 अंक की बढ़त के साथ 76,733.38 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 74.40 अंक की तेजी के साथ 23,250.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से ये सूचकांक गिर कर 23,165.30 अंक तक आ गया। हालांकि पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद ही बाजार में खरीदारों ने एक्टिव होकर लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 44.60 अंक की मजबूती के साथ 23,220.65 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 169.62 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की मजबूती के साथ 76,499.63 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 90.10 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,176.05 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

# आईटीसी ने भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए डीपीआईआईटी के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने भारत के अग्रणी व्यापार समूहों में से एक आईटीसी लिमिटेड के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की है। डीपीआईआईटी ने उद्यमिता और नवाचार को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए यह अहम कदम उठाया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि यह समझौता ज्ञापन (एमओयू) विशेष रूप से गतिशील साझेदारी का माहौल तैयार करेगा, जिसमें आईटीसी के व्यापक बाजार नेटवर्क के विशाल अनुभव और विशेषज्ञता देशभर में स्टार्टअप्स को सहयोग देने में डीपीआईआईटी की पहल का पूरक बनेगी। यह सहयोग देशभर में स्टार्टअप्स के लिए सुगठित बाजार सृजित करने और स्टार्टअप विकास तथा तकनीकी प्रगति में तेजी लाने के साझा दृष्टिकोण के अनुरूप है। मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि इस साझेदारी के तहत आईटीसी, विनिर्माण निष्पादन प्रणालियों (एमईएस) के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म, विनिर्माण स्थलों के लिए नवीकरणीय ऊर्जा अवसरों का संयोजन, ऊर्जा भंडारण प्रणालियों आदि जैसे प्रमुख क्षेत्रों में स्टार्टअप समाधान उपलब्ध कराएगा। इस सहयोग का उद्देश्य देशभर में स्टार्टअप के लिए उद्यमिता, तकनीकी उन्नति और बाजार के अवसरों को बढ़ावा देना है।

DPIIT | वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY

इस प्रो-स्टार्टअप पहल के बारे में डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव संजीव ने कहा कि यह भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों जैसे स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के साथ संरेखित है। इसके अलावा यह नवाचार-आधारित उद्यमिता द्वारा समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देकर विजन 2047 की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, आईटीसी कॉरपोरेट मामलों के अध्यक्ष अनिल राजपूत ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन स्टार्टअप और आईटीसी दोनों का महत्व बढ़ाएगा। यह डिजिटल उपयोग से भविष्य उपयोगी विनिर्माण और परिचालन उत्कृष्टता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। साथ ही इससे आईटीसी के संधारणीय विस्तार के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में ध्यान केंद्रित होगा।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 AIMIM के ओखला उम्मीदवार शिफा उर रहमान को कोर्ट ने नामांकन के लिए पैरोल दी
2 कैलाश गहलोत ने बिजवासन विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया
3 जूते बांटने के आरोप में प्रवेश वर्मा के खिलाफ दर्ज होगी FIR
4 करावल नगर विधानसभा सीट के प्रत्याशी BJP नेता कपिल मिश्रा कल नामांकन करेंगे
5 खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन पर बैठे 111 किसान
6 मालवीय नगर विधानसभा से सोमनाथ भारती ने किया नामांकन
7 AAP ने दो सीटों पर उम्मीदवार बदले,नरेला और हरिनगर विधानसभा सीट पर बदले कैंडिडेट
8 दिल्ली की कोर्ट ने मकोका मामले में AAP विधायक नरेश बालियान की जमानत याचिका खारिज की
9 दिल्ली चुनाव के ऐलान के बाद दिल्ली पुलिस ने पकड़ी 12 करोड़ से ज्यादा की ड्रग्स
10 बिहार:पशुपति पारस के घर दही चूड़ा खाने पहुंचे लालू,तेज प्रताप भी हैं साथ
11 कालकाजी सीट पर कोई टक्कर नहीं,आतिशी के नामांकन में 50 लोग भी नहीं थे:रमेश बिधूड़ी
12 भारत-इंडोनेशिया ब्रह्मोस सौदा अंतिम चरण में,गणतंत्र दिवस पर इंडोनेशियाई राष्ट्रपति कर सकते हैं ऐलान
13 दिल्ली चुनाव:BJP उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने नई दिल्ली सीट से किया नामांकन
14 दिल्ली चुनाव:पदयात्रा करते हुए आज नामांकन किए अरविंद केजरीवाल
15 दिल्ली:कोहरे के कारण IGI एयरपोर्ट पर कई उड़ाने प्रभावित,एडवाइजरी जारी
16 नई दिल्ली:सोनिया गांधी ने किया कांग्रेस के नए मुख्यालय का उद्घाटन
17 दिल्ली:LNJP अस्पताल के बाथरूम में छात्रा से दुष्कर्म,टेक्नीशियन पर आरोप
18 दिल्ली-NCR में भीषण कोहरे के कारण IGI एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स लेट
19 शराब घोटाला:मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल के खिलाफ चलेगा केस,ED को मिली मंजूरी
20 मुंबई के लिए रवाना हुए पीएम मोदी,एशिया के दूसरे सबसे बड़े इस्कॉन मंदिर का किए उद्घाटन
21 बिहार:मकर संक्रांति पर लालू यादव से मिलने पहुंचे पशुपति पारस
22 दिल्ली-NCR में धुंध की चादर,विजिबिलिटी हुई बेहद कम
23 साउथ कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस,समर्थकों ने किया विरोध
24 पीएम मोदी आज मुंबई में महायुति विधायकों से मुलाकात करेंगे:एकनाथ शिंदे
25 पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर स्थित पैसिफिक मॉल में एस्केलेटर की रेलिंग से गिरकर तीन साल के बच्चे की मौत
26 पीएम मोदी मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के AI-जनरेटेड वीडियो X पर पोस्ट करने पर AAP के खिलाफ FIR दर्ज
27 खालिस्तानी आतंकी कर सकते हैं अरविंद केजरीवाल पर हमला, खुफिया एजेंसियों का अलर्ट
28 ये है केजरीवाल की पेरिस वाली दिल्ली,VIDEO पोस्ट कर राहुल ने किया दूसरा वार
29 सरकार ने CISF के लिए 2 नई बटालियनों की मंजूरी दी,2 हजार से अधिक कर्मियों की होगी भर्ती
30 नेतन्याहू को बड़ी राहत,सीजफायर पर हमास राजी;बंधकों की रिहाई करीब
31 चुनाव प्रचार में सरकारी वाहन का इस्तेमाल करने पर आतिशी पर FIR दर्ज
32 CM आतिशी के खिलाफ FIR दर्ज होने पर केजरीवाल बोले:BJP और कांग्रेस सड़े गले सिस्टम का हिस्सा
33 INS सूरत,INS नीलगिरी और INS वाघशीर का कमीशन,पीएम मुंबई में नेवल डॉकयार्ड पहुंचकर राष्ट्र को समर्पित किए;महायुति के विधायकों से भी मिलें
34 कंगना की इमरजेंसी' पर बांग्लादेश में लगा बैन, भारत संग रिश्तों में आई खटास के बीच फैसला
35 हरियाणा BJP अध्यक्ष:रॉकी पर गैंगरेप साबित करना मुश्किल,मेडिकल नहीं कराया,करीब डेढ़ साल बाद शिकायत,न CCTV फुटेज,होटलकर्मियों को कुछ याद नहीं
36 डल्लेवाल को पानी पीते ही उल्टियां आ रहीं,आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई;111 किसान खनौरी बॉर्डर पर भूख हड़ताल शुरू किए
37 जम्मू-कश्मीर के नौशेरा में बारूदी सुरंग में धमाका,6 जवान घायल
38 केरल में दलित छात्रा के साथ गैंगरेप मामले में गिरफ़्तार अभियुक्तों की संख्या 45 पहुंची
39 US:हिंद प्रशांत में बढ़ा भारत के साथ सहयोग,आपसी रिश्तों पर गर्व,बतौर राष्ट्रपति अंतिम भाषण में बोले बाइडन
40 डुबकी,सीएम योगी ने दिया अपडेट,प्रयागराज महाकुंभ 2025:दुनिया का सारा पर्यटन मिलकर महाकुंभ की बराबरी नहीं कर सकता:केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह

हर खबर पर पैनी नज़र
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)






## महावतार नरसिम्हा के टीजर का अनाउंसमेंट वीडियो हुआ जारी, फर्स्ट लुक ने जीता फैन्स का दिल

निर्देशक अश्विन कुमार की सोच से बनी रोमांचक एनिमेटेड सीरीज़ महावतार नरसिम्हा हॉम्बले फिल्म्स और कलीम प्रोडक्शंस की एक और बेहतरीन पेशकश है. इसके साथ, ये दोनों बड़े प्रोडक्शन हाउस महावतार सीरीज़ लॉन्च करने की तैयारी में हैं, जिसमें भगवान विष्णु के कई अवतारों पर आधारित एक पूरा सिनेमाई यूनिवर्स बनेगा. पहली झलक को दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिली है. अब मेकर्स ने एक शानदार वीडियो जारी किया है और घोषणा की है कि टीज़र कल यानी 14 जनवरी को दोपहर 12:33 बजे रिलीज होगा. अश्विन कुमार की फिल्म महावतार नरसिम्हा हर दिन और भी ग्रैंड होती जा रही है. उत्साह अब अपने चरम पर है, और इस हाल ही में जारी हुए वीडियो ने महावतार सीरीज की शुरुआत की गवाही दी है. टीज़र रिलीज़ की घोषणा ने और भी हलचल मचा दी है और अब सभी की उम्मीदें उस ताकतवर अवतार को देखने के लिए और बढ़ गई हैं. कहना होगा की महावतार नरसिम्हा की दुनिया को जानना एक शानदार अनुभव होने वाला है. मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया पर इस एपिक अनाउंसमेंट वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, जब आस्था को चुनौती दी जाती है, तो वह प्रकट होते हैं. दहाड़ के लिए तैयार हो जाइए! आज 14 जनवरी को दोपहर 12:33 बजे महावतार नरसिम्हा का महाकाव्य टीजर देखें!महावतार-नरसिम्हा महावतार सीरीज की पहली कथा है. ये फिल्म भक्त प्रहलाद, विश्वास और आशा की कहानी सुनाती है, जिसमें भगवान विष्णु, नरसिंह के रूप में, अधर्म को नाश करने और मानवता को बहाल करने के लिए अवतार लेते हैं. रिलीज़ से पहले ही यह फिल्म आईएफएफआई में इंडियन पैनोरामा सेक्शन में अपनी प्रीमियर से चर्चा में आ चुकी है, जो इस प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल की सबसे टॉप कैटेगरी है. महावतार नरसिम्हा का डायरेक्शन अश्विन कुमार ने किया है, और इसे शिल्पा धवन, कुशल देसाई, और चैतन्य देसाई ने कलीम प्रोडक्शंस के तहत प्रोड्यूस किया है. हॉम्बले फिल्म्स के साथ मिलकर, जो अपनी आकर्षक कंटेंट के लिए जानी जाती है, यह पार्टनरशिप अलग - अलग एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म्स के जरिए एक सिनेमाई मास्टरपीस पेश करने का लक्ष्य रखती है. इस फिल्म की शानदार विजुअल्स, सांस्कृतिक विविधता, बेहतरीन फिल्म तकनीक, और मजबूत कहानी के साथ, इसे 3डी और पांच भारतीय भाषाओं में रिलीज़ किया जाएगा.

# फिट रहना सिर्फ अच्छा दिखने के लिए नहीं, आत्मविश्वास के लिए भी जरूरी: सिमरन कौर



जमाई नंबर 1 में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सिमरन कौर फिटनेस फ्रीक हैं। अभिनेत्री ने बताया कि फिट रहने के लिए वह पिलेट्स (व्यायाम) और अच्छे-संतुलित आहार को अपनाती हैं। उनका कहना है कि उनकी फिटनेस ऑन-स्क्रीन भी उन्हें चुस्त-दुरुस्त दिखाती है। अभिनेत्री ने बताया कि फिट रहने के लिए वह पिलेट्स (एक्सरसाइज) और अच्छे-संतुलित आहार को अपनाती हैं। उनका कहना है कि उनकी फिटनेस ऑन-स्क्रीन शानदार प्रस्तुति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सिमरन ने कहा, मेरा मानना है कि फिट रहना सिर्फ अच्छा दिखने के लिए नहीं है। यह खुद को मजबूत और आत्मविश्वासी महसूस कराने के लिए भी है। पिलेट्स खास तौर पर मेरे लिए एक गेम-चेंजर रहा है। यह न केवल मुझे अपने शरीर को फिट बनाए रखने में मदद करता है, बल्कि मुझे काम पर फोकस करने के साथ ही खुश भी रखता है। शो में अपने किरदार रिद्धि के बारे में उन्होंने बताया कि उनका किरदार एक दृढ़ निश्चयी, दबंग लड़की का है, जो जानती है कि उसे क्या चाहिए। उन्होंने बताया कि ऑन-स्क्रीन फिट दिखने के लिए मैं अपने शरीर और बॉडी लैंग्वेज पर काम कर रही हूं और इसके लिए पिलेट्स से बेहतर क्या हो सकता है। एक अभिनेत्री के रूप में मैं इसके महत्व को समझती हूं। उन्होंने आगे कहा, मेरी फिटनेस ऑन-स्क्रीन भूमिका को और भी खास बनाती है और इसी के साथ मैं शो में एक मजबूत बॉस गर्ल के किरदार को निभा पाती हूं।पिछले महीने सिमरन ने साल 2024 में अपने सफर के बारे में बताया था।उन्होंने कहा था, जो सबसे ज्यादा मायने रखता है, वह है अपने काम पर फोकस करना और चुनौतीपूर्ण समय में भी खुद पर विश्वास बनाए रखना। भगवान का शुक्र है कि कोई बड़ी बाधा नहीं आई और सब कुछ एक के बाद एक होता गया। उन्होंने उल्लेख किया कि 2024 उनके लिए एक अच्छा साल रहा है और उम्मीद जताई कि 2025 पिछले साल से भी बेहतर होगा। उन्होंने कहा, साल 2024 में मैंने कई तरह की चीजें हासिल कीं। मैंने दंगल पर आए शो 'तोसे नैना मिलाइके किया, जो सुपरहिट रहा और लगभग 500 एपिसोड पूरे किए। मेरे किरदार को बहुत सराहना मिली, यह अद्भुत अनुभव था। अभिनेत्री ने बताया, दर्शकों ने मेरे किरदार से गहराई से जुड़ाव महसूस किया और मुझे काफी सराहना मिली। मुझे नहीं पता था कि मैं कॉमेडी किरदार को निभा सकती हूं, लेकिन यह बहुत अलग निकला और मैंने इसका पूरा आनंद लिया। सिमरन कौर ने कहा था, मुझे लगता है कि साल 2024 की तरह ही 2025 में भी मैं सकारात्मकता और सफलता हासिल करूंगी। मुझे नए अवसरों की खोज करना और एक कलाकार के रूप में अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाना पसंद है।

## बॉक्स ऑफिस पर फतेह की दैनिक कमाई में मामूली बढ़त, तीसरे दिन कमाए इतने करोड़ रुपये

अभिनेता सोनू सूद इन दिनों फिल्म फतेह को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में उनके काम की खूब तारीफ हो रही है, वहीं इसने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन भी ठीक-ठाक किया है। हालांकि, दूसरे दिन फिल्म के कारोबार में गिरावट देखने को मिली और अब फतेह की कमाई के तीसरे दिन के भी आंकड़े सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली। आइए बताते हैं फिल्म ने पहले रविवार को कितने करोड़ रुपये का कारोबार किया। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फतेह ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी पहले रविवार को 2.10 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 6.60 करोड़ रुपये हो गया है। फतेह ने 2.4 करोड़ रुपये के साथ टिकट खिड़की पर ठीक-ठाक शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन इस फिल्म ने 2.1 करोड़ रुपये का



कारोबार किया। फिल्म के एक्शन दृश्यों को हॉलीवुड तकनीशियनों द्वारा डिजाइन किया गया है, जिसे दर्शक पसंद कर रहे हैं। सोनू न सिर्फ फतेह के हीरो हैं, बल्कि इसके निर्देशन की जिम्मेदारी भी उन्होंने ही संभाली है, वहीं वह इस फिल्म के लेखक भी हैं। इस फिल्म में सोनू की जोड़ी पहली बार अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस के साथ बनी है। इस फिल्म की कहानी साइबर क्राइम पर आधारित है, जिसमें नसीरुद्दीन शाह और विजय राज जैसे सितारों ने भी अभिनय किया है। बॉक्स ऑफिस पर फतेह का सामना राम चरण की फिल्म गेम चेंजर से हो रहा है।

# सोशल मीडिया सेंसेशन केट शर्मा ने दिखाया ग्लैमरस अंदाज, पिंक ड्रेस में गिराई बिजली




टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा अपनी बोल्डनेस से अक्सर फैंस के होश उड़ा देती हैं। उनके सारी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। केट शर्मा टीवी इंडस्ट्री का जाना-माना नाम हैं। वो आए दिन अपनी स्टनिंग और हॉट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। टीवी एक्ट्रेस और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर केट शर्मा ने हाल ही में नई ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. इन तस्वीरों में केट शर्मा ने पिंक कलर का सैटिन ड्रेस पहना है, जो उनके स्टाइलिश और सेंसुअस लुक को और भी आकर्षक बना रहा है. उन्होंने अपनी तस्वीरों को फ्लैट शूज के साथ पेयर किया है और एक हल्की सी ब्रैसलेट भी पहनी हुई है. उनका मेकअप सॉफ्ट और ग्लोइंग है, जो उनकी खूबसूरती को और बढ़ाता है. केट के बाल सॉफ्ट वेव्स में हैं, जो उनकी लुक को और भी एलिगेंट बनाते हैं. केट शर्मा इन तस्वीरों में आराम से बैठी हुई हैं और उनके चेहरे पर हल्की मुस्कान है, जो



उनके आत्मविश्वास को जाहिर करती है. इन तस्वीरों को देख कर उनके फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरें देखते ही रह जाते हैं। फैंस ने उनकी खूबसूरती और स्टाइलिश अंदाज की जमकर सराहना की है. आपको बताते चलें कि केट शर्मा टीवी की बोल्ड अभिनेत्रियों में से एक हैं और वो अपने हर एक लुक से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर फिल्म गेम चेंजर की कमाई में भारी गिरावट, पहले वीकेंड पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार करने में विफल

राम चरण-कियारा आडवाणी गेम चेंजर ने अपने पहले वीकेंड में निराशाजनक शुरुआत की. फिल्म ने चरण की स्टार पावर और दर्शकों की उम्मीदों को दर्शाते हुए 51 करोड़ रुपये की मजबूत कमाई की. लेकिन अगले ही दिन शंकर की निर्देशित फिल्म के कलेक्शन में 57.65 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई. राम चरण स्टारर ने दूसरे दिन 21.6 करोड़ रुपये का बिजनेस किया और दो दिनों में 72.6 करोड़ रुपये कमाए. हालांकि, दूसरे दिन कलेक्शन में काफी गिरावट आई और यह 21.6 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. फिल्म ने सिर्फ 17 करोड़ रुपये कमाए. इस तरह फिल्म ने पहले वीकेंड पर इसका कुल घरेलू कलेक्शन करीब 89.6 करोड़ रुपये हो गया है. फिल्म ने अपने तेलुगू




वर्जन के लिए 8 करोड़ रुपये और हिंदी डब फिल्म के लिए अनुमानित 7.7 करोड़ रुपये कमाए. तमिल में अनुमानित 1.2 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर रहा, उसके बाद कन्नड़ बेल्ट ने लगभग 10 लाख रुपये कमाए. 3 दिनों में फिल्म ने तेलुगू वर्जन में सबसे ज्यादा कमाई. फिल्म ने तेलुगू में 61.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. हिंदी बेल्ट 22.5 करोड़ रुपये के साथ दूसरे पायदान पर है. फिल्म ने तमिल में कुल 5.02 करोड़ रुपये, कन्नड़ में 30 लाख रुपये और मलयालम में 3 लाख रुपये से ज्यादा की कमाई की है. गेम चेंजर के मेकर्स के अनुरोध के बाद, राज्य सरकार ने 3 जनवरी को आदेश जारी कर 10 जनवरी को छह शो, जिसमें सुबह 4 बजे का एक्स्ट्रा शो भी शामिल था, की स्क्रीनिंग की अनुमति दी थी, जिसमें मल्टीप्लेक्स थिएटरों के लिए 150 रुपये और सिंगल थिएटरों के लिए 100 रुपये की अतिरिक्त राशि शामिल थी. इसने 11 से 19 जनवरी (नौ दिनों के लिए) तक पांच शो की स्क्रीनिंग की भी अनुमति दी. कोई बड़ी रिलीज न होने के कारण, फिल्म के पास अपने कलेक्शन को बढ़ाने का अवसर है. सभी की निगाहें बॉक्स ऑफिस पर टिकी होंगी कि फिल्म अपने पहले सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर कितनी अच्छी पकड़ बना पाती है.

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।